शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 64 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 31 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# भारत में स्वतंत्र व पारदर्शी तरीके से होता है न्याय...

## एक साथ कई देशों ने उठाए सवाल पर सवाल तो बनता है... भारत की तीखी प्रतिक्रिया दूसरे देशों को भी संकेत

**नई दिल्ली**

**जर्मनी, अमेरिका** और फिर संयुक्त राष्ट्र की तरफ से एक के बाद एक जिस तरह से भारत की लोकतांत्रिक व न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाये गये हैं उसे भारत एक सामान्य प्रक्रिया के तौर पर नहीं ले रहा है। इस प्रकरण पर विदेश मंत्रालय की सोच है कि समय समय पर भारत को कभी मानवाधिकार, कभी लोकतांत्रिक व्यवस्था तो कभी आर्थिक सुधार के मुद्दे पर घेरने वाली शक्तियां ही इसका भी हिस्सा हैं। यही वजह है कि जैसे ही विदेशी सरकारों ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी या मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बैंक खातों को आयकर विभाग द्वारा जब्त करने पर सवाल उठाए तो भारत ने जवाबी कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

**सख्त संदेश देने में कोई कोताही नहीं**

खास बात यह है कि सवाल उठाने में अग्रणी अमेरिका और जर्मनी दोनों देश भारत के करीबी रणनीतिक साझेदार हैं जिनसे द्विपक्षीय रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। फिर भी भारत ने इन्हें सख्त संदेश देने में कोई कोताही नहीं की है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि जर्मनी व अमेरिका के विदेश मंत्रालयों के प्रवक्ताओं ने जो प्रतिक्रिया दी थी वह एक प्रश्न के उत्तर में था। इसके बावजूद जिस तरह से भारत की न्यायिक प्रणाली पर संदेह जताया गया, उसको काफी गंभीरता से लिया गया है।

**विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया**

यही वजह है कि विदेश मंत्रालय ने जर्मनी और अमेरिका के दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों को बुला कर अपनी आपत्ति से अवगत कराया।

अगर भारत की किसी कूटनीति के संदर्भ में यह बात कही गई होती तो विदेश मंत्रालय भी एक प्रतिक्रिया जता कर मामले को रफा-दफा कर देता लेकिन न्यायिक प्रणाली पर सवाल उठाने या लोकतांत्रिक प्रक्रिया को निशाना बनाने पर मामला गंभीर हो जाता है।



"वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि कुछ शक्तियां भारत को किसी न किसी मामले में घेरने की कोशिश करती हैं। कभी मीडिया में आलेख के जरिए तो कभी सरकारी या गैर-सरकारी एजेंसियों की रिपोर्ट के जरिए ऐसा किया जाता रहा है"

### सवाल उठाने के पीछे की साजिश

**सनद** रहे कि अमेरिका के विदेश मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र के सामान्य प्रेस कांफ्रेंस में केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खाते जब्त किये जाने से जुड़ा सवाल वाशिंगटन स्थित बांग्लादेश मूल के एक ही पत्रकार ने पूछे हैं। कई देशों की तरफ से एक ही सवाल उठाने के पीछे कोई साजिश तो नहीं इसके जवाब में विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि कुछ शक्तियां भारत को किसी न किसी मामले में घेरने की कोशिश करती हैं। कभी मीडिया में आलेख के जरिए तो कभी सरकारी या गैर-सरकारी एजेंसियों की रिपोर्ट के जरिए ऐसा किया जाता रहा है। यह पुरानी परंपरा है। भारत का कड़ा जवाब इन्हें नागवार गुजरता है।



**भारत ने मजूबती से निभाए विदेशी रिश्ते**

जर्मनी और अमेरिका की प्रतिक्रियाओं पर इनके राजनयिकों को तलब करने का एक मकसद दूसरे देशों को इसे दूर रहने का संदेश देना भी है।

विदेश मंत्रालय के अधिकारी यह मानते हैं कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर सवाल उठाने को लेकर हुई तीखी प्रतिक्रियाओं के बावजूद इन देशों के साथ भारत के रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है क्योंकि अभी तक जिन देशों की सरकारों ने मुद्दे को उठाया है उनसे लगातार कई मोर्चों पर विमर्श चल रहा है।

### विदेश को भारत का सख्त संदेश



"जर्मनी-अमेरिका ने ही चिंता प्रकट करते हुए उम्मीद जताई थी कि आप पार्टी के मुखिया के साथ स्वतंत्र व पारदर्शी तरीके से न्याय होगा"

**यह** पहला मौका है जब भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र की तरफ से सवाल उठाये गये हैं। इसके पहले दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तार पर जर्मनी और अमेरिका दोनों ने ही चिंता प्रकट करते हुए उम्मीद जताई थी कि भारत में आप पार्टी के मुखिया के साथ स्वतंत्र व पारदर्शी तरीके से न्याय होगा।

इन देशों की सरकारों के अलावा अमेरिका, यूरोप, आस्ट्रेलिया के कई समाचार पत्रों में भी हाल के दिनों में भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर कई तरह के सवाल उठाते हुए आलेख प्रकाशित किए हैं। कुछ मुद्दों पर निजी तौर पर कूटनीतिक चर्चा होती है।

यही वजह है कि विदेश मंत्रालय ने जर्मनी और अमेरिका के दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों को बुला कर अपनी आपत्ति से अवगत कराया।

अगर भारत की किसी कूटनीति के संदर्भ में यह बात कही गई होती तो विदेश मंत्रालय भी एक प्रतिक्रिया जता कर मामले को रफा-दफा कर देता लेकिन न्यायिक प्रणाली पर सवाल उठाने या लोकतांत्रिक प्रक्रिया को निशाना बनाने पर मामला गंभीर हो जाता है।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में मीसा भारती को राहत

**पटना**

पाटलिपुत्र से लोकसभा के राजद प्रत्याशी और लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती शनिवार को दानापुर के व्यवहार न्यायालय में उपस्थित हुई। कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायालय में उपस्थित हुई। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के द्वारा सुनवाई के बाद उन्हें जमानत दे दी गई। बताया जा रहा है कि वर्ष 2019 में चुनाव के दौरान मीसा भारती पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला मनेर थाना में दर्ज कराया गया था। तब से वह मामला लंबित था।

**दस हजार रुपए मुचलके पर मिली जमानत**

इस मामले में कोर्ट ने मीसा भारती को उपस्थित होने का आदेश दिया था। दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने मीसा भारती को दस हजार रुपए मुचलके पर उन्हें न्यायालय द्वारा जमानत दे दी गई। न्यायालय से बाहर निकालने के क्रम में पत्रकारों ने जब उनसे बात करना चाहा तो मीसा भारती बिना कुछ बात किए अपने गाड़ी पर बैठकर वहां से निकलती बनी।

**रेलवे की नौकरी के बदले जमीन मामले में भी नाम**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे की नौकरियों के बदले जमीन मामले में जो पहला आरोपपत्र दायर किया था, उसमें मीसा भारती का नाम था। बता दें कि लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती राजद के टिकट पर चुनाव लड़ने की बात सामने आ रही है। हालांकि वह दो बार यहां से बीजेपी के रामकृपाल यादव से चुनाव हार चुकी हैं। दो बार लालू प्रसाद ने उन्हें राज्य सभा भी भेजा। इस सीट पर राजद विधायक रीतलाल यादव और विधायक भाई वीरेन्द्र की भी दावेदारी रही है। रीतलाल यादव इस सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा भी जता चुके हैं।

## डीएमके नेता ए राजा की कार की जांच में ढिलाई बरतने पर नपे अधिकारी

**नई दिल्ली**

तमिलनाडु के नीलगिरी से डीएमके उम्मीदवार ए राजा की गाड़ी की जांच में ढिलाई बरतने के आरोप में फ्लाइंग स्क्वॉड टीम के एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई चुनाव आयोग ने की है। चुनाव आयोग का मानना है कि प्रमुख नेताओं के प्रति इस तरह का नरम रवैया चुनाव में समान अवसर के तालमेल को बिगाड़ सकता है।

## भोजशाला में एएसआई सर्वे को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश में भोजशाला सरस्वती मंदिर के एएसआई सर्वे को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसाइटी धार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर भोजशाला का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (अरक) से सर्वे कराने के मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश को रद्द करने की मांग की है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ ने 11 मार्च को एएसआई को धार जिले में स्थिति भोजशाला सरस्वती मंदिर का सर्वे करने का आदेश दिया था। इस आदेश में कहा था कि एएसआई के पांच वरिष्ठ अधिकारी अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके यह पता लगाएंगे कि क्या भोजशाला परिसर स्थिति कमाल मौला मस्जिद को सरस्वती मंदिर को तोड़ कर बनाया गया था।



**छह सप्ताह में रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश**

हाई कोर्ट ने एएसआई को सर्वे करके छह सप्ताह में रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया था। एएसआई ने 22 मार्च से सर्वे शुरू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को यह मामला न्यायमूर्ति ऋषिकेश राय और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए लगा है। गत 22 मार्च को जिस दिन एएसआई ने सर्वे शुरू किया, उस दिन भी याचिकाकताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट में मामले का उल्लेख कर तत्काल सुनवाई की मांग की गई थी।

**मामले की एक अप्रैल को सुनवाई**

एएसआई से सर्वे पर रोक चाहते थे लेकिन कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से इनकार करते हुए कहा था मामला एक अप्रैल को इसकी सुनवाई होनी है ऐसे में इसे सूची से न हटाया जाए।

## नरसिम्हा राव, चौ.चरण सिंह, स्वामीनाथन, कर्पूरी ठाकुर को मिला भारत रत्न सम्मान

**नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति द्रौ**पदी मुर्मु ने भारत के दो पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इनके साथ भारत में हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

भारत रत्न सम्मान समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया। सभी के पुरस्कार उनके परिजनों ने प्राप्त किये। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के बेटे पी वी प्रभाकर राव ने राष्ट्रपति से अपने पिता को प्रदान किया गया पुरस्कार प्राप्त किया।



वहीं, चौधरी चरण सिंह के पोते और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने मुर्मु से सम्मान स्वीकार किया। स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त किया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सरकार ने इस साल पांच भारत रत्न पुरस्कारों की घोषणा की थी, जिसमें भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी भी शामिल हैं। भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के बेटे राम नाथ ठाकुर ने कहा कि मैं बहुत प्रसन्न हूं कि केंद्र सरकार ने मेरे पिता के काम को स्वीकार किया।

## राजू पाल हत्याकांड में कोर्ट के फैसले से गवाहों को संतोष



**प्रयागराज**

**बसपा** विधायक राजू पाल की हत्या के बाद माफिया अतीक अहमद ने बाहुबल व राजनीतिक पकड़ के बल पर गवाहों को परेशान किया था। उसने उमेश पाल समेत कई गवाहों का अपहरण करवाया। कुछ को प्रलोभन दिया, लेकिन जो नहीं मानें उनको अलग-अलग तरह से फंसाकर अपने पक्ष में किया। अतीक अहमद ने चश्मदीद गवाह रुखसाना सहित 13 गवाहों की गवाही बदलवा ली थी। अपने कार्यालय में शपथ पत्र बनवाकर सभी का हस्ताक्षर व अंगूठा लगवाया और उसे अदालत में पेश किया था।

**कोर्ट के फैसले से गवाहों को संतोष**

कुछ लोगों को फर्जी मुकदमे में फंसाया तो कई के खिलाफ ऐसा करने का प्रयास किया था। उसकी दबंगई के चलते गवाह इतने भयभीत हो गए थे कि वे अदालत तक नहीं जाते थे। शुक्रवार को जब सीबीआइ कोर्ट ने निर्णय सुनाया तो गवाहों के चेहरे पर संतोष का भाव दिखा।

**माफिया अतीक ने गवाहों को भी दिए थे तमाम दुख**

राजू पाल हत्याकांड के मुकदमे के तत्कालीन विवेचक नारायण सिंह परिहार ने कहा कि जिस तरह से माफिया ने उन पर दबाव बनाया था, उसी तरह गवाहों को भी तमाम दुख दिए थे। उसकी प्रताड़ना से तंग होकर तमाम लोग पुलिस के सामने भी बयान देने नहीं आते थे और घबराते थे। अतीक ने रुखसाना समेत 13 गवाहों को पक्षद्रोही बना लिया था। माफिया अतीक अहमद का पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों पर भी काफी प्रभाव था। इसका इस्तेमाल करते हुए उसने विवेचक इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह की 13 फाइल खुलवा दी थी, ताकि विभागीय जांच शुरू होने से वह माफिया के पक्ष में विवेचना करे।

## मुश्किल में 'राव साहब': एल्विश यादव पर एक और एफआईआर दर्ज

**गुरुग्राम**

**गाने की शू**टिंग में दुर्लभ प्रजाति के सांपों का इस्तेमाल करने के मामले में अदालत के आदेश पर शनिवार को बादशाहपुर थाना पुलिस ने बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एवं यूट्यूबर एल्विश यादव व हरियाणवी सिंगर राहुल यादव फाजिलपुरिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। दो दिन पहले गुरुग्राम में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मनोज राणा की कोर्ट ने एक याचिका पर संज्ञान लेते हुए राहुल यादव फाजिलपुरिया व एल्विश यादव के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। यह याचिका पीपल फॉर एनिमल एनजीओ की ओर से संचालक सौरभ गुप्ता की ओर से दायर की गई थी। इस याचिका में आरोप लगाया गया था कि गाने की शूटिंग के दौरान दुर्लभ प्रजाति के सांपों को अवैध रूप से प्रयोग किया गया और इन्हें गले में डालकर शूटिंग की गई। एल्विश यादव और सिंगर राहुल यादव फाजिलपुरिया का कुछ महीने पहले ही 32 बोर गाना आया था। जिसमें दोनों गले में सांप डालकर वीडियो में नजर आए थे। इसे लेकर पीपल फॉर एनिमल एनजीओ की तरफ से सौरभ गुप्ता ने पुलिस को शिकायत दी थी। इसमें आरोप लगाया गया कि ये दुर्लभ प्रजाति के सांप व जीव हैं।



## दिल्ली जल बोर्ड घोटाला: ईडी ने दायर की 8 हजार पन्नों की चार्जशीट

**नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली जल बोर्ड में अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शनिवार को आरोप पत्र दायर किया है। लगभग 8,000 पेज का यह आरोप पत्र धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में दायर किया गया। अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के लिए एक अप्रैल की तिथि तय की है। आरोपपत्र में चार व्यक्तियों और एक कंपनी को आरोपित बनाया गया है। इनमें डीजेबी के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल, एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डीके मित्तल, तेजिंदर सिंह और एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैं। ईडी ने इन आरोपियों पर पीएमएलए के तहत मुकदमा चलाने की मांगी है। साथ ही यह भी बताया है कि भविष्य में पूरक आरोप पत्र भी दायर किया जाएगा।

## सुपुर्द-ए खाक: मुख्तार के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

**गाजीपुर**

**मुख्तार** अंसारी के जनाजे में भारी संख्या में लोग शामिल हुए हैं। शनिवार की सुबह से लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। धीरे-धीरे लोगों की संख्या बढ़ती गई। उधर, मूछों से पहचाने जाने वाले माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के बेटे ने अंतिम विदाई से पहले पिता की मूछों पर ताव दिया।

बांदा मेडिकल कॉलेज से एंबुलेंस से उसके शव को शुक्रवार को दोपहर बाद करीब 4:43 बजे गाजीपुर के लिए रवाना किया गया था। सुरक्षा के कड़े इंतजाम और एंबुलेंस सहित 21 गाड़ियों के साथ बांदा से गाजीपुर की दूरी करीब 8.32 घंटे में तय हुई। मुख्तार अंसारी की मौत गुरुवार की रात बांदा मेडिकल कॉलेज में हार्टअटैक से हुई थी।



शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ, फिर शव परिजनों के सुपुर्द करके करीब 4.43 बजे एंबुलेंस से गाजीपुर के लिए भेजा गया था। शव वाहन बांदा से फतेहपुर, कौशांबी, प्रयागराज और भदोही होते हुए रात करीब 10.32 बजे वाराणसी पहुंचा, फिर गाजीपुर रवाना हो गया।

मुख्तार के छोटे बेटे उमर अंसारी और बड़ी बहू निकहत अंसारी बांदा से शव वाहन के साथ आए। माफिया मुख्तार अंसारी को सुपुर्दे-ए खाक करने के लिए उसके घर से करीब 400 मीटर दूर पुस्तैनी कब्रिस्तान में कब्र खोदी गई, जो 7.6 फीट लंबी और पांच फीट गहरी थी। यह कब्र उसके मां-बाप की कब्र से पांच फीट नीचे (पैर की तरफ) बनाई गई है, जिन्हें खोदने वाले तीन हिंदू मजदूर बुलाए गए। हालांकि उनका कहना था कि मुख्तार अंसारी के परिवार से जिन लोगों का इंतकाल होता है उनके लिए वे पहले से ही कब्र खोदने के लिए आते हैं।

**पिता के मूछों पर बेटे ने आखिरी बार दिया बल**

इस कब्रिस्तान में अब तक मुख्तार के परिवार से पिता सुभानल्लाह अंसारी और उनकी पत्नी की कब्र अगल-बगल बनाया गया है, जबकि उनके पूर्वजों की कब्र बगल में है।

मुख्तार अंसारी की कब्र को उनकी कब्र से पांच फीट नीचे सुबह साढ़े सात बजे बनाने का काम शुरू हुआ। यह कार्य उनके भतीजे शोहेब अंसारी की निगरानी में हुई, जिसके लिए तीन हिंदू मजदूर नगीना, संजय और गिरधारी को बुलाया गया। मुख्तार अंसारी के जनाजे में भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान भीड़ अधिक होने के चलते लोगों को कब्रिस्तान के बाहर रोक दिया गया गया था। अंदर 50 लोगों को जाने की अनुमति दी गई थी। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद से ही गाजीपुर जिले में चप्पे- चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी।

# करेंट की चपेट में आने युवक की मौत घर में पसरा मातम



**मेजा।** बिजली का करंट लगने से एक युवक की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। युवक की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के बगल स्थित मेजा खास गांव निवासी निवासी अंकित पाल (25) पुत्र स्व. विजय शंकर पाल घर में रखे हीटर में बिजली का तार जोड़ रहा था। इसी दौरान वह बिजली के खुले तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसे करंट का तेज झटका लगा। परिजनों द्वारा उसे पास स्थित सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अंकित की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। बताते हैं कि मृतक अंकित की आगामी जुलाई माह में शादी तय थी। वह दो भाईयों में छोटा था। मां कंचन देवी व परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## हाई टेंशन तार की चिनगारी से गेहूं की फसल जलकर राख नील गाय की भी मौत

**मेजा।** गर्मी का मौसम आते ही आग लगने की घटनाओं का सिलसिला शुरू हो चुका है।रोजाना कहीं न कहीं खेत खलियानों में आग लगने की घटनाएं प्रकाश में आने लगी है। शनिवार दोपहर मेजा थाना क्षेत्र के भृंगारी गांव निवासी कृष्ण चंद्र मिश्रा व उनके भाई फूलचंद्र मिश्रा के खेत के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के तार टकराने से गिरी चिंगारी के कारण गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगने से 5 बिस्वा खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई हड़कंप मच गया। आग बुझाने के लिए खेतों की तरफ ग्रामीण दौड़ पड़े। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक 5 बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी।

# पीपल के पेड़ पर फांसी लगा कर युवक ने की आत्महत्या

अखंड भारत संदेश

**लालापुर क्षेत्र के सेमरी तरहार गांव की घटना, मृतक के भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पेड़ से शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**



**लालापुर।** क्षेत्र के सेमरी तरहार गांव निवासी शिव प्रसाद उर्फ बुद्धान उम्र 22 वर्ष पुत्र बब्बू यादव ने पीपल के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के भाई की सूचना पर पहुंची लालापुर पुलिस ने मृतक को पेड़ से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक शिव प्रसाद यादव चार भाइयों में दूसरे नंबर का है।पिता किसानी कर परिवार चलते हैं। शिवप्रसाद शुक्रवार रात लगभग आठ बजे घर से खाना खाकर खेत की रखवाली करने गया था।रविवार सुबह नहीं लौटा तो घर वाले खोजने लगे तो खेत के पास ही पीपल के पेड़ में लगभग पचास फिट ऊपर चढ़कर फांसी लटकता दिखा।परिजनों ने लालापुर पुलिस को सूचना दिया तो थानाध्यक्ष लालापुर अजय कुमार मिश्र मयटीम के साथ मौके पर पहुंचे और रस्सी के सहारे मृतक को ग्रामीणों की मदत से नीचे उतरवाया।कुछ देर बाद फोरेंसिक विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल किया।मृतक का चप्पल पेड़ के नीचे पड़ा मिला।मृतक के भाई लालता प्रसाद यादव की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सहसों के महरौड़ा बम कांड मामले में छानबीन में जुटी पुलिस, डीसीपी से मिला प्रधानों का समूह

**सहसों।** नकाबपोश हमलावरों द्वारा गुरुवार की देर रात एक बजे महरौड़ा गांव के एक घर पर बम कांड मामले की जांच पड़ताल करते संबंधित पुलिस अपने हर स्तर से छानबीन करने में जुटी हुई है। थाना सराय इनायत क्षेत्र के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत महड़ौरा गांव निवासी राम बहादुर भारतीया व उनके भाई अमर बहादुर, शिव बहादुर, मां अमरावती देवी और थरवई थाना क्षेत्र के प्रतापपुर निवासी मामा का लड़का राजेंद्र पुत्र राम सजीवन घर के बरामदे व कमरे में सो रहे थे। गुरुवार की देर रात एक बजे नकाबपोश कुछ लोग आए और बम से हमला करके फरार हो गए। हमला में मां अमरावती देवी, भाई अमर बहादुर और शिव बहादुर घायल हो गए। घायलों का एसआरएन में इलाज चल रहा था। जहां से ठीक होकर सभी लोग शनिवार को अपने घर पहुंच गए। भुक्तभोगी राम बहादुर भारतीया ने थरवई थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी वर्तमान प्रधान पति शिव कुमार पुत्र कल्लू व अखिलेश कुमार पुत्र पुरुषोत्तम नाथ के खिलाफ संबंधित थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में सहसों चौकी प्रभारी शिव प्रताप सिंह ने बताया कि भुक्तभोगी का रिश्ता आरोपी के गांव में है। वहीं से दोनों पक्षों में कुछ मामलों को लेकर टशन चली आ रही है। पुलिस द्वारा मामले की छानबीन किया जा रहा है। वहीं पर मामले में आरोपी शिव कुमार सहसों ब्लॉक क्षेत्र के प्रतापपुर ग्राम सभा के प्रधान पति हैं। मामले में प्रधान संघ के पदाधिकारी प्रेमचंद के नेतृत्व में प्रधानों का एक समूह शनिवार को डीसीपी गंगानगर से मिलकर बताया कि घटना के समय प्रधानपति अपने घर पर सो रहे थे। मामले में उनको फर्जी फंसाया जा रहा है। जिसकी जांच कराए जाने की भी प्रधानों द्वारा मांग किया गया है।

## समाजसेवी की माता के निधन पर शोक

**सहसों।** क्षेत्र के देवनहरी गांव निवासी समाजसेवी संजय शुक्ल बाली की 75 वर्षीय माता लीलावती देवी पत्नी स्वर्गीय राम यज्ञ शुक्ला का आकस्मिक निधन हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन से क्षेत्र के सगे संबंधियों सहित तमाम संभ्रांत व्यक्तियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदना प्रकट किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में प्रमुख रूप से केवला प्रसाद शुक्ला नेताजी, वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, भाजपा नेता गुलाब तिवारी, पूर्व ग्राम प्रधान नागेंद्र प्रसाद उपाध्याय, लक्ष्मीकांत मिश्रा, राम सजीवन शुक्ला, सुभाष चंद्र शुक्ला, धनंजय शुक्ला सहित आदि लोग शोक व्यक्त करते मौजूद रहे।

# विदाई समारोह के साथ रिपोर्ट कार्ड वितरण सम्पन्न




**प्रयागराज।** शासन की मंशा के अनुसार बेसिक शिक्षा परिषद के बच्चों को आज रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया। इस अवसर पर संविलियन विद्यालय मुबारकपुर में कक्षा आठ के बच्चों का विदाई समारोह भी सम्पन्न हुआ। इस सत्र का आज अंतिम कार्यदिवस होने के कारण रिपोर्ट कार्ड वितरण के साथ साथ विदाई समारोह का भी आयोजन हुआ। इस समारोह में ग्रामप्रधान मुबारकपुर रीता देवी, एस एम सी अध्यक्ष रामपूजन पटेल एवं प्रधानाध्यापक नीरज सिंह के साथ विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहें। सभी बच्चों को अबीर गुलाल लगाते हुए माल्यार्पण किया गया एवं सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। पुरस्कार पा कर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखते ही बन रहा था।समारोह को सम्बोधित करते हुए ग्रामप्रधान रीता देवी ने बच्चों को एक सफल एवं कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने की शुभकामनाएं दीं। प्रधानाध्यापक नीरज सिंह ने समारोह में उपस्थित सभी का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की बधाई देते हुए एक सफल नागरिक बनने का संकल्प दिलाया। कक्षाध्यापिक मंजू ने बच्चों को साहसी एवं कठिन परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र बताया। इस अवसर पर अध्यक्ष रामपूजन ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के स्टाफ अवधेश त्रिपाठी, अभिषेक मिश्रा, रश्मि शर्मा, संगीता, आशा देवी ने सभी बच्चों को रोरी चंदन लगाकर आशीर्वाद दिया। इसके अतिरिक्त विकासखंड फूलपुर में अन्य विद्यालय में भी रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह पूर्वक मनाया गया। प्राथमिक विद्यालय बेलवा में भी कक्षा पाँच के बच्चों को रिपोर्ट कार्ड देते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका शालिनी सिंह ने पुरस्कार वितरण किया। सहायक अध्यापक विकास कुमार, पूजा देवी शिक्षा मित्र नीता यादव ने भी बच्चों को शुभकामनाएं एवं शुभाशीष दिए।

## न्यूज झरोखा

### गेहूँ की फसल में लगी आग, फसल जलकर खाक



**बारा।** बारा तहसील के लाला का पूरा गांव के किसान राजेश कुशवाहा के गेहूं की खड़ी फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। आग देखकर ग्रामीण दौड़े और बुझाने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। तब तक करीब एक बीघे की फसल जलकर राख हो गयी। मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने जांचकर रिपोर्ट सौंपने की बात कही। किसान राजेश कुशवाहा ने जली हुई फसल की मुआवजे की मांग की है।

### शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता : दीनानाथ यादव



**फूलपुर।** शिक्षक कभी अपनी जिम्मेदारियों से निवृत्त नहीं होता है। वह सरकारी सेवा में रहते हुए जहां बच्चों को शिक्षित करने का काम करता है वहीं सेवानिवृत्ति के बाद भी घर परिवार व समाज में रहकर बखूबी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करता है। सेवानिवृत्ति नौकरी का एक हिस्सा है जहां से शिक्षक अपनी दूसरी पारी की शुरुआत करता है। यह बातें शनिवार को प्राथमिक विद्यालय वीरकाजी की प्रधानाध्यापिका डाक्टर तसनीम अख्तर की विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य दीनानाथ यादव ने बतौर मुख्य अतिथि कही। प्रधानाध्यापिका के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा की दो दशक से गांव के गरीब बच्चों को शिक्षित करने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने उन्हें उपहार भेंटकर उनके उत्तम स्वास्थ्य व खुशहाल जीवन की प्रार्थना की। वही सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका तसनीम अख्तर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर ग्राम प्रधान कमला देवी,राम चन्द्र तुफानी,राजेन्द्र सरोज,शोभनाथ,अबसार अहमद,शमीम अहमद, मीनाक्षी ,शिक्षक राकेश कुमार, सुनीता राज,अक्लीमा, सूफिया खातून सहित दर्जनों की संख्या में अध्यापक व ग्रामीण मौजूद रहे।

पुलिस की पहल से पति-पत्नी सात महीने बाद एक साथ रहने को हुए राजी

### पुलिस की पहल पर परिजन और पति-पत्नी हुए सहमत



**करछना।** थाना करछना पर अर्चना पुत्री राम अचल निवासी ग्राम मच्छर पुरवा थाना करछना ने इस बात का प्रार्थना पत्र दिया कि मेरे पति मुझको परेशान करते हैं ,जिस पर मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रभारी निरीक्षक गणेश तिवारी को दी गई महिला दरोगा ईशा विमला कांस्टेबल माही के साथ मिलकर दोनों दंपति के बीच काउंसलिंग की गई और समाज के सम्मानित व्यक्तियों व उनके परिवार के सदस्यों को बुलाकर दोनों पक्षों को समझाया गया जिस पर दोनों पक्ष आपसी सहमत के आधार पर एक साथ पति-पत्नी की तरह रहने को तैयार हो गए पुलिस द्वारा की गई इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा समाज के लोगों द्वारा तथा दंपति के पारिवारिक जनों द्वारा की गई प्रभारी

### परीक्षाफल पाकर खिले बच्चों के चेहरे




**जसरा।** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में परीक्षा संपन्न होने के बाद शनिवार को बच्चों को परीक्षाफल का वितरण किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा प्रयागराज में बच्चों को उनका परीक्षाफल का सर्टिफिकेट वितरित किया गया।साल भर की पढ़ाई के बाद परीक्षाफल प्राप्त करने की खुशी बच्चों के चेहरे पर देखते ही बन रही थी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी ने बच्चों को अगले कक्षा में प्रोन्नति होने की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।उन्होंने बताया सोमवार 1 अप्रैल से नये सत्र का शुभारंभ होगा। प्रथम कार्य दिवस पर ही विभाग द्वारा पुस्तक वितरण की भी व्यवस्था है।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक भारतेन्द्र त्रिपाठी, नाज़िया सुल्ताना, रजनीकांत पांडेय ,जितेंद्र कुमार शर्मा,शिशिर जायसवाल,अरविंद कुमार सिंह, अमरदीप चौधरी,राकेश कुमार, पूनम तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### माँ गंगा पब्लिक स्कूल खानपुर में तीन दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम का समापन



**मेजा।** खानपुर स्थित मां गंगा पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने विभिन्न खेलों में बढ़ चढकर हिस्सा लिया।विद्यालय के प्रबंधक योगेश गुप्ता द्वारा विजेता उपविजेता और प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। खेलों क्रम बैडमिंटन में लकी कन्नौजिया व सिद्धांत प्रथम, लंबी कूद में अभिमन्यु यादव अव्वल रहे। इसी प्रकार खो-खो में शुभी शुक्ला की टीम ने जहां बाजी मारी वहीं कबड्डी में अंकुश यादव की टीम विजेता रही। जबकि रस्साकसी में प्राची गुप्ता की टीम प्रथम स्थान पर रही। इसी क्रम में अन्य खेलों ऊंची कूद, म्यूजिकल चेयर, पतंगबाजी, स्पून रेस, चेस, वाद-संवाद प्रतियोगिता के खेल कराए गए। प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य अंजली गुप्ता, खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजक निकिता शुक्ला, आकांक्षा मिश्रा, अजिर यादव एवं तनु पांडेय ने भरपूर प्रयास करके शानदार प्रदर्शन करने में बच्चों का पूरा सहयोग किया। साथ ही साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा। इस मौके पर राजेश कुशवाहा, धीरेंद्र पटेल, अवधेश शुक्ला, रेखा शुक्ला, शालिनी मिश्रा,खुशी यादव, संध्या यादव, शिवानी केशरी,सोनी निषाद सहित सभी बच्चे उपस्थित रहे।

# शास्त्री ब्रिज मरम्मत में सुरक्षा मानकों की अनदेखी रस्सी के सहारे लटककर मजदूर कर रहे कार्य



**झूंसी।** ब्रिज निर्माण अथवा मरम्मत कार्य में आए दिन हादसे हो रहे है, इसके बावजूद शास्त्री ब्रिज के मरम्मत कार्य में लगे मजदूरों की सुरक्षा मानकों को ताक रखा गया है। ब्रिज के पिलर में लगी बेयरिंग को रस्सी के सहारे नदी में लटके मजदूरों को जोखिम भरा काम करते हुए देखा जा सकता है। शास्त्री पुल के 28 नम्बर पिलर का हिस्सा छतिग्रस्त होने से पुल के जोड़ो में दरार आ गई है। जिसे ठीक करने के बाद जांच में पाया गया कि कुछ और पिलर की बेयरिंग में समस्या है जिसे दुरुस्त कराया जा रहा है। दर्जन भर मजदूर अपनी जान जोखिम में डाल कर जमीन से 25 मीटर ऊपर रस्सी व सीढ़ी के सहारे काम कर रहे है। उनके पास न तो हेलमेट है न ही सुरक्षा बेल्ट है। 600 दिहाड़ी पर काम कर रहे एक मजदूर ने बताया कि हम लोग ही 1998 से इस पुल पर मरम्मत का कार्य कर रहे है। कभी भी सुरक्षा उपकरण नही मिला। ठेकेदार कहा मजदूरों की सुरक्षा का ध्यान देते है। इन मानकों का रखना होता है ध्यान इतने ऊंचे ब्रिज पर काम करते समय मजदूरों के काम करने वाली जगह के नीचे जाली बांधनी चाहिए। पुल के पिलर पर काम करने वाले मजदूरों के कमर पर बेल्ट लगी होनी चाहिए यदि असंतुलित होकर मजदूर पुल से गिरते भी हैं तो उन्हें नुकसान नहीं पहुंचेगा। हेलमेट ऐसा होना चाहिए कि दुर्भाग्यवश कोई मजदूर पुल से गिर जाता है तो उसका सिर सुरक्षित रहे।

# राष्ट्रीय शिशु विद्यालय के जूनियर छात्रों ने की सीनियर छात्रों की विदाई

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** ममफोर्डगंज स्थित राष्ट्रीय शिशु विद्यालय एवं महिला शिल्प कला प्रशिक्षण केंद्र के जूनियर छात्रों ने सत्र समापन पर अपने सीनियर कक्षाओं की विदाई समारोह आयोजित कर आज एक आदर्श परंपरा शुरू की है। समाज के कमजोर वर्गो के शैक्षिक उत्थान और इन बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए राष्ट्रीय शिशु विद्यालय अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2023 2024 के अंतिम दिवस पर विद्यालय के जूनियर छात्रों ने भव्य कार्यक्रम आयोजित कर अपने सीनियर साथियों को विदाई दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य एल के अहेरवार ने कहा कि विद्यालय के शिक्षक जिम्मेदारी और मेहनत के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन कर समाज के कमजोर वर्ग के बच्चो को शिशु कक्षा से आठवी तक शैक्षणिक मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य कर रहे है। श्री अहेरवार ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को और बेहतर बनाने का प्रयास नवीन सत्र पहली अप्रैल से शुरू किए जायेगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नवीन सत्र से स्मार्ट कक्षाएं संचालित करने का प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इसी सत्र में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने राष्ट्रीय शिशु विद्यालय का औचक निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता की भूरि भूरि प्रशंसा की थी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सीएल कुशवाहा, अरुणामयी होर, रचना त्रिपाठी, सुशीला, श्रृष्टि, विपुल मौर्य, रविता कुशवाहा तथा रश्मि मिश्रा ने छात्र , छात्राओं को नैतिक मूल्यों के संदर्भ में मार्गदर्शन करते हुए अगली कक्षाओं के लिए शुभ कामनाएं दी है।

# नैनन के कजरा बनिके, बदरा बरखा बरसावन लागे

**होली मिलन समारोह में कवियों ने बांधी समां, रामायतन के मुखपृष्ठ का हुआ लोकार्पण**



**करछना।** स्थानीय करछना में लोक गायिका मोहिनी श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंचे कवियों ने शब्द रंगों की फुहार बरसाते हुए खूब संमा बांधी। पीसी श्रीवास्तव के मुख्यआतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कवयित्री राधा शुक्ला द्वारा प्रस्तुत वाणी वन्दना से हुआ। इसके उपरांत युवा कवि विपिन परिहार के छन्दों में वियोग श्र?गार की झलक दिखी-

पाय के पाती पिया के हिया से,लगाय जिया जुड़वावन लागे। नैनन के कजरा बनिकै बदरा बरखा बरसावन लागे। सबरेज अहमद के फागुनी गीतों ने भी खूब समा बांधी तो वहीं संजय पांडेय सरस ने कहा- बदले बदले भाव हैं ,जब से बदला साथ ।वह चलता है आजकल पत्थर लेकर हाथ। डॉ वीरेंद्र कुसुमाकर ने वसंत ऋतु में प्रकृति की अनोखी छटा को कुछ इस प्रकार वर्णित किया-कुसुमित सरसों खेत में सज कर करती नाज, पवन हिडोला बैठकर खोले घूंघट लाज। संतोष शुक्ला समर्थ ने कहा-भंग ठंडई गुझिया पापड़ बच्चों का हुड़दंग है होली,तो वहीं गीतकार जितेंद्र जलज ने सामाजिक विकृतियों पर तंज करते हुए कहा -हमने ऐसा ये बदला समाज देखा। चोर,चांई का होते लिहाज देखा। हास्य कवि अशोक बेशरम ने अपनी कविता कइसन वसंत,कइसन होली प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। मोहिनी श्रीवास्तव के होली,चैता गीत तथा राजू सिंह के मसाने की होली गीत का भी श्रोताओं ने जमकर लुफ्त उठाया। संचालन कर रहे वरिष्ठ गीतकार डॉ राजेंद्र शुक्ला ने कहा-सत्य कभी जलता नहीं,दुष्ट होलिका संग।मिथ्या मिटता है सदा,सत्य जीतता जंग। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि डॉ.त्रिलोकी सिंह ने कवियों द्वारा कलात्मक सौष्ठवऔर प्रेम परक रचनाओं की प्रशंसा करते हुए प्रस्तुत गीत पर सबको मंत्र मुक्त कर दिया। समापन के उपरांत कवियों ने शीघ्र प्रकाशित होने वाली रामायतन पुस्तक के मुख्य पृष्ठ का लोकार्पण भी किया। आयोजक वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने सभी के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया।इस मौके पर गांव के प्रबुद्धजन,समाजसेवी और साहित्य,गीत काव्य प्रेमी मौजूद रहे।

# आपूर्ति विभाग की सह पर कार्ड धारकों के हक पर डांका

**कोराव।** तहसील कोरांव के आपूर्ति विभाग और सक्षम अधिकारियों की मनमानी और भ्रष्टाचार की खुली छूट से ग्राम सभा के ग्राम प्रधान सहित उपभोक्ता त्रस्त हैं। ज्ञात हो कि अल्हवा कोटेदार लाल बहादुर द्वारा कार्ड धारकों से पास मशीन पर फिंगर लगवा कर पूरे पूरे महीने का खाद्यान्न डकार गया। बोला अब खाद्यान्न आएगा तो वितरित करेंगे। दरअसल दो यूनिट वालों को दस किलो राशन है,चार किलो बाजरा,चार किलो चावल दो किलो गेंहू मिलना चाहिए। किंतु कोटेदार गेहूं नहीं वितरित कर रहा है। ज्ञात हो की पूरे देश में सभी दुकानदार के यहां गेहूं उपलब्ध है किंतु अल्हवा कोटेदार के पास गेहूं नहीं है। उसके पूर्व भी निरंतर खाद्यान्न वितरण में घोटाला कर्ता चला आ रहा है। जय बार निलंबित हुआ कई बार अनुबंध सरकार के पक्ष में जांचोपरांत जब्ती करण हुआ,चेतावनियां दी गई,ब्लैक मेलिग के आरोप में गिरफ्तार हो कर जेल भी गया। फिर भी कमाऊ कोटेदार के प्रभाव में आ कर उसे खुली छूट दी जा रही है। और राजनैतिक संरक्षण भी प्राप्त बताया जा रहा है। चाहे 1076 हो या 112 नंबर हेल्प लाइन की सुविधा किंतु कोई कार्यवाही आपूर्ति निरीक्षक कोरांव और तहसील तथा जिले के अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे। और न ही कोई अधिकारी अचानक गोदाम का निरीक्षण ही किया,जिससे उक्त कोटेदार के हौंसले बुलंद है।

चर्चा है कि कोटेदार पर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे को ले कर तथा सरकारी फसल को चोरी में काटने पर थाना कोरांव में चोरी आदि का मुकद्दमा दर्ज है। और उसका पुत्र जैल गया है कोटेदार फरार है। किंतु उसकी न तो दुकान निलंबित हुई और न ही गिरफ्तारी। खाद्यान्न काला बाजारी में व्यस्त है। जब तक कोरांव के आपूर्ति निरीक्षक को कोरांव से नहीं हटाया जाता,तब तक भ्रष्ट कोटेदार की चांदी है। ग्राम प्रधान की हैंशियत से एडीएम आपूर्ति, एसडीएम, डीएम आदि से लिखित शिकायत कर चुका हूं। किंतु कोई सुनवाई अमल में नहीं लाई जा रही है। क्यों कि उस्के पूर्व भी कोराव आपूर्ति निरीक्षक और कोटेदार ने मिल कर उच्च स्तरीय शिकायत में कूट रचित अपराध करके शिकायत करता की ओर से शिकायत को इनकार दिखा कर कोटेदार को बचाने का अपराध कारित किया है। इस संबंध में सक्षम न्यायालय में आपराधिक वाद भी दायर किया जा रहा है।

**अहद अहमद सिद्दीकी**
**ग्राम प्रधान अल्हवा तहसील कोरांव**
**प्रयागराज**

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत मास्टर ट्रेनरों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की उपस्थिति में शनिवार को जिला पंचायत सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024- मास्टर ट्रेनरों का द्वितीय प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण अधिकारी व अन्य अधिकारियों के द्वारा दिया गया। सभी मास्टर ट्रेनर्स को चुनाव कार्य के सफलतापूर्वक व त्रुटि रहित सम्पन्न कराने के लिए प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम मशीन के सभी अवयवों-सीयू, बीयू, वीवीपैट के टैगिंग, कनेक्शन, संचालन, ईवीएम मशीन की सावधानियों व तकनीकी समस्याओं को दूर करने के उपायों की विस्तार से जानकारी दी गयी। द्वितीय प्रशिक्षण में चुनाव में होने वाली सावधानियों एवं विशेष सतर्कता बरतने के साथ-साथ समय पर दिए जाने वाले प्रशिक्षण का पूरी तरह से अवलोकन करने का निर्देश दिया। मास्टर ट्रेनर के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 161 मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर पीडी एके मौर्या, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रिपोर्ट कार्ड पाकर खुशी से झूम उठे बच्चे

**मेजा।** शनिवार को निजी व परिषदीय स्कूलों में प्रोग्रेस रिपोर्ट कार्ड बांटा गया। परीक्षाफल पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे। इस दौरान शिक्षकों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की। एसजीटी पब्लिक स्कूल मेंड़रा के प्राचार्य पवन तिवारी ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है। जब शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरे मनोयोग से करते हैं, तो पढ़ने वाले बच्चे वह मुकाम हासिल करते हैं जिसके वह असली हकदार हैं। इस मौके पर जया सिंह, शिवानी यादव,रंजना यादव,पूनम मिश्रा,सोनी तिवारी सहित सभी शिक्षक मौजूद रहे।इसी क्रम में बीआरसी मेजा व उरुवा के सभी परिषदीय विद्यालयों में परीक्षा फल वितरित किया गया। प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह के निर्देश के क्रम में बच्चों को परीक्षाफल कांवेंट स्कूलों की तरह प्रोग्रेस कार्ड दिया गया। प्रोग्रेस कार्ड पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे।

# तीन चोर गिरफ्तार,13 बाइकें बरामद



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज कमिश्नरेट गंगानगर के उतरांव थाने की पुलिस और एसओजी ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की 13 बाइकें बरामद की हैं। पकड़े गए सभी बदमाश मास्टर की से लाक खोलने के साथ ही लॉक तोड़ने में भी माहिर है। वे नई बाइकों को चुराने के बाद उसे आधे दाम पर बेच देते थे।

भीड़-भाड़ वाले स्थानों की रेकी कर गाड़ियां चुराते थे : डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती ने बताया कि उतरांव के गोपालपुर मोड़ के पास से शिवम मौर्या, राणा चौहान और अमित यादव उर्फ शिबू को गिरफ्तार किया गया है। उनकी निशानदेही पर चोरी की 13 गाड़ियां बरामद की गईं हैं। शिवम और राणा मलखानपुर सरायइनायत के रहने वाले हैं जबकि अमित बिजरू सैदाबाद हण्डिया का रहने वाला है। आरोपियों ने कबूल किया है कि वह निर्धारित स्थान जैसे शादी समारोह, कचहरी परिसर व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों की रेकी कर बाइकों को चोरी करते थे। मास्टर-की लगाकर व लॉक तोड़कर चोरी करने के पश्चात उनके नम्बर प्लेट व इंजन नंबर, चेचिस नंबर को बदलकर या फिर खुरच कर सस्ते दामों में बेच देते थे। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी, दरोगा हेमेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी रडऋ गंगानगर, दरोगा अनिकेत सिंह,रितेश चन्द्र उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# नैनी सेंट्रल जेल का निरीक्षण करने पहुंचे जिला जज

अखंड भारत संदेश

### सेंट्रल जेल में कैदियों व बंदियों से मिले



**नैनी।** नैनी सेंट्रल जेल में बंद कैदियों के खान-पान का स्तर और उनके केस की पैरवी की स्थिति जानने के लिए शनिवार को जिला जज संतोष राय ने पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के साथ जिला कारगार और सेंट्रल जेल का निरीक्षण किया। सबसे पहले डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय और एडीएम सिटी मदन कुमार के साथ जिला कारागार पहुंचे। वर्तमान में करीब 550 विचाराधीन कैदी जिला कारागार में बंद हैं। नए बंदियों से जिला जज ने पूछताछ की और यह जानने की कोशिश की कि कहीं किसी के पास वकील न होने की समस्या तो नहीं है। उनके मुकदमों की पैरवी कैसे हो रही है। इसके अलावा उन्होंने खानपान के बारे में जानकारी ली। इसके बाद सेंट्रल जेल पहुंचे। वहां पर कैदियों व बंदियों से मिले। कैदियों की जमानत और जमानतदार के बारे में जानकारी ली। नैनी जेल में ही माफिया अतीक अहमद का बेटा अली समेत कई दिग्गज बंद हैं। जेलों में हर बैरक में जाकर आफसरों ने निरीक्षण किया। इस दौरान पाकशाला, अस्पताल, उच्च सुरक्षा तथा विशेष सुरक्षा बैरकों का मुआयना किया। अतीक के बेटे अली को विशेष सुरक्षा बैरक में ही रखा गया है।

# खाता सीज मामले पर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**प्रयागराज।** कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता सीज किए जाने का विरोध बढ़ता जा रहा है। कांग्रेसियों ने इस मामले पर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम कार्यालय पर दिया। पार्टी महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन भी किया गया। ज्ञापन के जरिए कहा गया कि चुनाव के दौरान आयकर विभाग ने कांग्रेस के खातों को सीज करने, खाते से अवैधानिक तरीके से 135 करोड़ रुपये निकाल लिए। कांग्रेस पार्टी को 1823.08 करोड़ रुपये जुमार्ने की नोटिस भेजी गई है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कार्यवाही सरकार द्वारा प्रेरित और पार्टी को चुनाव लड़ने से वंचित करने की साजिश है। आयकर विभाग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। कांग्रसियों ने राष्ट्रपति से मांग किया है कि भाजपा के खाते भी सीज कर 4600 करोड़ का जुमार्ना वसूला जाए।

**समानता के आधार पर कार्रवाई की मांग :** यह भी मांग की गई कि इस प्रकरण पर चुनाव बाद समानता के आधार पर कानूनी कार्यवाही की अनुपालना सुनिश्चित की जाए। कानून के शासन और हमारे लोकतांत्रिक अधिकारों को सुनिश्चित किया जा सके। ज्ञापन देने वालों में परवेज सिद्दीकी, मानस शुक्ला, दिवाकर भारतीय, रमाकांत पांडेय, संजय सिंह, अजेंद्र गौड़,विनय पांडेय, आलोक पांडेय,राम मनोरथ सरोज, रमेश सोनकर, भरत लाल, नागेश त्रिपाठी, गुलशन, अनुपम श्रीवास्तव, राकेश, अजय श्रीवास्तव, तबरेज सिद्दीकी, गोविंद रमनआदि शामिल रहे।

## न्यूज झरोखा

### होली मिलन समारोह चित्रगुप्त वंशज सभा का धूमधाम से मनाया गया





**नैनी।** नैनी क्षेत्र में होली मिलन समारोह चित्रगुप्त वंशज सभा यमुना पार नैनी में धूमधाम के साथ मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि सुनीता दरबारी डिप्टी मेयर प्रयागराज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौजूद थी चित्रांश परिवारका सम्मान किया गया जिसमें क्षेत्र के संभारित लोगों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा गायन और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ सभी लोगों ने एक दूसरे के साथ गुलाल एवं फूलों की होली खेली कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक श्रीवास्तव एवं संचालन अमित श्रीवास्तव एवं संजीव सक्सेना ने किया मुख्य रूप से चंद्र मोहन श्रीवास्तव संदीप श्रीवास्तव जीत श्रीवास्तव मयंक सक्सेना विशाल सक्सेना आशुतोष श्रीवास्तव सुनील श्रीवास्तव रियल श्रीवास्तव रजनीकांत श्रीवास्तव शैलेंद्र श्रीवास्तव अजय श्रीवास्तव यस श्रीवास्तव एवं अनुपम सक्सैना मुख्य रूप कार्यक्रम कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव मौजूद थे।

### बैठक संग होली मिलन समारोह संपन्न हुआ



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में शनिवार को चकरघुनाथ में होली मिलन समारोह एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक आशु सिंह के आवास पर हुई। जिसमे करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू , प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह और जिलाध्यक्ष अभय सिंह के द्वारा शमशेर सिंह नेब्बू सिंह को यमुनापार अध्यक्ष एवं अकिंतेश सिंह दादा ठाकुर, को महामन्त्री पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में चन्द्रभूषण सिंह, विकास सिंह, टिन्कूं सिंह, विवेक सिंह, सुधीर सिंह, आर्यन सिंह अन्य लोगों ने क्षत्रीय उत्थान पर अपनी बातों को रखा।

### वरिष्ठ भाजपा नेता की पत्नी के निधन पर शोक सभा का आयोजन



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञानेश्वर शुक्ला पीएसी नैनी निवासी की पत्नी श्रीमती विमलेश शुक्ला की आकस्मिक निधन की सूचना प्राप्त होने के पश्चात नैनी में संजय श्रीवास्तव महानगर उपाध्यक्ष किसान मोर्चा के नेतृत्व में एक शोक सभा का आयोजन किया गया शोक सभा में उपस्थित भाजपा कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने पुण्य आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा शोक सभा में मुख्य रूप से महापौर गणेश केसरवानी, संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, पार्षद मयंक यादव, पार्षद रणविजय सिंह डब्बू,पार्षद दिलीप जायसवाल, पार्षद राकेश जयसवाल, प्रदीप कुमार तिवारी सेक्टर संयोजक चकदोंदी नैनी , ओमप्रकाश मिश्रा, विनोद तिवारी महामंत्री नैनी मंडल, नीरज शर्मा नैनी मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा, उमेश सेन, भाजपा नेता उपस्थित थे।

# शहादत को याद कर आंखें हुई नम, ताबूत निकाला

## रानीमंडी, करेली, दरियाबाद में मजलिस हुई, गम में डूबे नजर आए लोग, मौलानाओं ने मजलिस को खिताब किया

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** हजरत अली की शहादत की याद में गमजदा रहने वाले अली इब्ने अबुतालिब के चाहने वालों का गम मनाने का सिलसिला जारी है। मस्जिद काजी बख्शी बाजार में इमाम ए जमात मौलाना जवादुल हैदर रिजवी ने बाजमात नमाज के बाद मजलिस को खिताब किया। कहा की कूफे की मस्जिद में फजर की नमाज अदा कराने के दौरान हजरत अली के सर पर जहर बुझी तलवार से ऐसा वार किया गया कि मौला ए कायनात उस गहरे जख्म के ताब को न बर्दाश्त कर सके और इस दुनिया से रुखसत हो गए। सालों बीतने के बाद भी उनके चाहने वाले आंसू बहा रहे हैं। रानीमंडी में इमामबाड़ा मिर्जा काज़िम अली से भोर में कदीमी ताबूत का जुलूस निकाला गया। जैगम अब्बास ने मर्सियाख्वानी की। जुलूस इमामबाड़ा आजम हुसैन तक ले जाया गया। मौलाना जीशान हैदर ने मजलिस को खिताब किया। करेली के जेके आशियाना मस्जिद में मीर कल्बे अब्बास मेरठी ने नमाज ए फजर अदा कराई। मजलिस को खिताब करते हुए शहादत का ज़िक्र हुआ। नम आंखों के साथ गुलाब व चमेली के फूलों से सजा ताबूत निकाला गया। या अली मौला हैदर मौला की आवाजें गूंजने लगीं।

**दरिबाद से निकाला गया जुलूस :** दरियाबाद में अजाखाना नियाज हुसैन खां से अंजुमन हुसैनिया की कयादत में जुलूस निकाला गया। दायरा शाह अजमल स्थित मुल्ला मोहम्मद कासिम ने मजलिस आयोजित की। रजा इस्माइल सफवी ने सोज तो मौलाना जीशान हैदर ने मजलिस को संबोधित किया। अन्जुमन अब्बासिया रानीमण्डी के नौहाख्वानो ने नौहा और मातम की सदा बुलन्द की। मिर्जा काज़िम अली, गौहर काजमी, नदीम अब्बास, डाक्टर ऐजाज, आफताब रिजवी, वकार रिजवी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, अलमास हसन, अली सज्जाद, इतरत नकवी, जैगम अब्बास, शैदा रिजवी आदि मौजूद रहे।

# रिंग रोड की जद में आए अधिवक्ता की गौशाला को ढहाने पर हंगामा



**झूंसी।** निमार्णाधीन रिंग रोड की चपेट में आने की वजह से शनिवार को राजस्व कर्मी व पुलिस की मौजूदगी में नीबी गांव में स्थित एक अधिवक्ता की गौशाला को ढहा दिया गया। इसके बाद दर्जन भर अधिवक्ताओं ने मौके पर पहुच कर जम हंगामा किया। जिन्हें पुलिस ने किसी तरह समझा कर शांत कराया। नीबी निवासी बुध्ददेव त्रिपाठी अधिवक्ता है। गांव के बाहर उनकी गोशाला है जिसमे एक कमरा बना हुआ है। उसी में गाय रखी जाती थी। गौशाला नैनी, झूंसी होते सहसो तक बन रही रिंग रोड की जद में आ गई थी। गौशाला की वजह से रिंग रोड के निर्माण कार्य में समस्या आ रही थी। शनिवार को फूलपुर तहसील के राजस्व कर्मियों व झूंसी पुलिस की मौजूदगी में गौशाले को खाली करा कर बुल्डोजर से ढहा दिया गया। गौशाला गिरने की सूचना पर अधिवक्ता बुद्धदेव त्रिपाठी के समर्थन में दर्जनों अधिवक्ता मौके पर पहुचे और हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद थाना अध्यक्ष झूंसी उपेंद्र सिंह ने किसी तरह अधिवक्ताओं को समझा कर शान्त कराया। रिंग रोड निर्माण कर रही ओएसएस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी विकास त्रिपाठी ने बताया कि अधिवक्ता बुद्धदेव त्रिपाठी और उनके भाइयों ने मुआबजा नही लिया। अधिक मुआवजे के लिए कोर्ट गए है।

# प्राथमिक विद्यालय मेहदौरी नगर क्षेत्र में भव्यता के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव




**प्रयागराज।** विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी प्राथमिक विद्यालय मेहदौरी नगर क्षेत्र प्रयागराज में वार्षिकोत्सव पूरी भव्यता के साथ दिनांक- 28 मार्च-2024 को मनाया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर क्षेत्र के खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश सिंह एवं श्रीमती प्रतिभा सिंह, वार्ड- मेहदौरी के पार्षद श्रीमती मीनू तिवारी, विशिष्ट अतिथि नगर; क्षेत्र के सभी एआरपी- श्रीमती अनुरागिनी सिंह, अजय कुमार, अशोक कुमार,सुश्री अनीता सोनकर,श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव, शिक्षक गण,अभिभावक गण, विद्यालय परिवार की प्रधानाध्यापिका डां. गीता सचान, प्रदीप पाल, श्रीमती गायत्री पाण्डेय आदि प्रतिभाग किए। विद्यालय के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहक था। विद्यालय में उक्त कार्यक्रम को आकर्षित बनाने के लिए खूब सजाया गया था।अतिथिगण व सभी के लिए विशेष जलपान के साथ साथ लंच की भी व्यवस्था की गयी थी।

# माधव ज्ञान केंद्र में वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह संपन्न







अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज नैनी में वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह आकर्षक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे ,जा रे हट नटखट ना छेड़ मेरा घूंघट साथ संपन्न हुआ ,कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प व दीप प्रज्वलन से हुआ,तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण से किया। विद्यालय के परीक्षा प्रमुख संजय कुमार मिश्र ने परीक्षा का वृत्त निवेदन प्रस्तुत किया, उन्होंने बताया कि विद्यालय में सत्र 2023-2024 में 1674 छात्र/ छात्राएं पंजीकृत थे। कक्षा अरुण से अष्टम, नवम व एकादश में कुल 1316 भैया बहनों ने वार्षिक परीक्षा दी, जिसका परीक्षाफल 98.73 प्रतिशत रहा। शेष 358 छात्र छात्राओं ने यूपी बोर्ड तथा सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में सम्मिलित हुएककार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमान राजेश प्रसाद तिवारी सेवानिवृत्ति उप जिलाधिकारी प्रयागराज ने अपने उदबोधन में विद्यालय के भैया बहनों को बेहतर से बेहतर करने की प्रेरणा दी, तथा सभी सफल भैया बहनों को बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहा कि आप सब निरंतर प्रगति के पथ पर इसी तरह अग्रसर होते रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष यशोदा नंद पांडे, विशिष्ट अतिथि अखिलेश त्रिपाठी जोनल अधिकारी नगर निगम तथा नवनीत अग्रवाल चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं राशि गुप्ता, विद्यालय के प्रबंधक शिव कुमार पाल ने विभिन्न विधाओं में बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय में अनुशासन, आदर्श, सर्वोच्च अंक, कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, सर्वोच्च उपस्थिति, कला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, दीप सज्जा राखी प्रतियोगिता सज्जा, वेश प्रतियोगिता, राधा कृष्ण साज सज्जा खेलकूद व अन्य विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल भैया बहनों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में आदर्श भैया का पुरस्कार अनंत कुशवाहा एवं आदर्श पांडे को तथा आदर्श बहन का पुरस्कार आकृति सिंह एवं प्रकृति मिश्रा को दिया गया। कक्षा अरुण उदय व प्रथम में सर्वोच्च अंक के लिए शुभ द्विवेदी 96.3 प्रतिशत ,कक्षा 2 से 5 में बहन अनंत कुशवाहा 94 प्रतिशत, कक्षा 6 से 8 तक बहन आराध्या सिंह 95.3 प्रतिशत तथा भैया में हर्षित तिवारी 91.83% ,कक्षा 9 में आस्था यादव 94.83 प्रतिशत तथा भैया में सूर्य प्रकाश सिंह 95.08% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान बनाया। उक्त अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# समाजवादी लोहियावाहिनी कमेटी का हुआ गठन

## नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर दिन शनिवार को समाजवादी पार्टी प्रतापगढ़ के समाजवादी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष विनोद यादव ने समाजवादी लोहिया वाहिनी कमेटी की घोषणा की। इस मौके पर जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी और जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे जिला उपाध्यक्ष जावेद खान समाजवादी लोहिया वाहिनी प्रतापगढ़ के पदाधिकारी को मानोनयन पत्र दिया। आज के प्रोग्राम की अध्यक्षता समाजवादी लोहिया वाहिनी प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष विनोद यादव ने किया और संचालन समाजवादी लोहिया वाहिनी प्रतापगढ़ जिला महासचिव अनाम अहमद ने किया।



समाजवादी लोहियावाहिनी के नवनियुक्त पदाधिकारीगण।

इस मौके पर समाजवादी लोहिया वाहिनी प्रतापगढ़ अध्यक्ष विनोद यादव ने अपने कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारी से कहा कि आज से हम लोगों को अपने-अपने विधानसभा में लोगों से मुलाकात करनी है और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल को लोकसभा प्रतापगढ़ से विजई बनाना है और इलेक्टरल बॉन्ड द्वारा किया गया सबसे बड़ा घोटाला के बारे में लोगों को बताना है औरभाजपा सरकार द्वारा नवयुवकों पर अत्याचार, किसानों के ऊपर अत्याचार, आए दिन नवयुवक द्वारा आत्महत्या किए जाने जैसे कार्यों को रोकने के लिए इस सरकार को उखाड़ फेंकना है जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे ने कहा कि यह सरकार लूट और कसोट की सरकार है और वह सिर्फ पैसे के दम पर चुनाव लड़ रही है जिस पार्टी के वित्त मंत्री या कह कर चुनाव न लड़े और पार्टी को हजारों करोड़ का चंदा मिले और वित्त मंत्री काहे कि हमारे पास पैसा नहीं चुनाव लड़ने के लिए तो आप समझ लीजिए क्या होगा इस देश का इस मौके पर समाजवादी लोहिया वाहिनी प्रतापगढ़ के जिला उपाध्यक्ष अमरजीत यादव, नारायण तिवारी राज यादव, ओमप्रकाश सागर यादव, शाश्वत कृष्णा, विजय यादव, मनोज कुमार सरोज, मानवेंद्र सिंह पटेल, अंकित यादव, संदीप यादव, हर्षित यादव, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य, जिला सचिव राजेश यादव, केशव यादव, अनूप कुमार, विकास यादव, समर बहादुर, पीयूष कुमार, आलोक शर्मा, आशीष तिवारी, अखिलेश कुमार यादव, अमित कुमार विश्वकर्मा, वारिस, मिथलेश पाल, फैजान अहमद, राजकुमार वर्मा, संतोष कुमार, प्रदीप कुमार यादव, दीदार अहमद, अमित कुमार ,शिव प्रताप, विधानसभा अध्यक्ष विवेक बौद्ध, अमन यादव, रोहित पटेल, अभिषेक यादव, संतोष कुमार पटेल, शाहिद खान, राजू यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगा नहाने गए तीन युवकों की डूबकर मौत

## गोताखोरों ने बड़ी मशक्कत के बाद दो शव किया बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पड़ोसी जनपद कौशांबी के थाना पोखराज क्षेत्र से गंगा में नहाने गए पांच युवकों में तीन युवको की गहरे पानी मे डूबने की वजह से मौत हो गई सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश जारी कर दिया वहीं अपर पुलिस अधीक्षक संजय रॉय भी घटना स्थल पर पहुँचे कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक का शव गोताखोरों ने बरामद किया बाकी दोनों युवकों का शव शनिवार को बरामद किया।

मानिकपुर थाना क्षेत्र के करेंटी गंगाघाट पर पड़ोसी जनपद कौशांबी थाना पोखराज के ग्राम बमरौली निवासी आदित्य जायसवाल पुत्र वीरेंद्र जायसवाल (18) वर्षीय, ग्राम पलटीपुर निवासी अभिषेक पटेल् पुत्र राम प्रकाश पटेल (19) वर्षीय, ग्राम बसावनपुर निवासी शुभम कुर्मा पुत्र आत्माराम (19) वर्षीय व दो अन्य युवक शुक्रवार की दोपहर करेटी गंगाघाट में नहाने के लिए आए जहां नहाते समय पांचो युवक गहरे पानी में चले जाने पर डूबने लगे। मौके पर मौजूद रहे अन्य युवकों ने उनके डूबने पर हल्ला मचाया जब तक लोग बचाने के लिए पहुंचें कि तीनों नवयुवक गहरे पानी में समा चुके थे साथ मे नहा रहे दो युवक अभिषेक पुत्र धनुष राम (22) वर्षीय व शशांक पाल पुत्र ब्रजेश पाल (23) वर्षीय बसावन पुर कोखराज निवासी किसी तरह पानी से निकल कर अपनी जान बचाई घटना की सूचना मिलते ही मानिकपुर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बोट के द्वारा पानी मे डूबे तीनों युवकों को ढूंढने लगी। कड़ी मेहनत के उपरान्त एक युवक आदित्य जायसवाल पुत्र वीरेंद्र (18) वर्षीय का शव गोताखोरों ने बरामद किया बाकी की देर शाम तक तलाश जारी रखा शनिवार को दोनो युवकों का शव गोता खोरो ने कुछ दूरी पर पानी मे बरामद किया। गंगा मे डूबे तीनों युवकों का शव मिलने पर जंहा पुलिस प्रशासन को राहत मिली वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मानिकपुर थाना प्रभारी ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम को भेज दिया मृतक के परिजन लोग भी मौजूद रहे।

# छेडछाड गाली व धमकी पर पांच के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के साथ छेडछाड तथा उलाहना देने पर गालीगलौज व धमकी की घटना को लेकर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के देवरी मोठिन गांव की सूरसती पत्नी श्याम लाल गौतम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि छब्बीस मार्च की शाम करीब आठ बजे गांव के आशीष पटेल उसकी नाबालिग नातिन को बहलाफुसलाकर गांव किनारे ले गया और छेडछाड करने लगा। शोर मचाने पर लोग दौड़े तो आरोपी भाग गया। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित परिवार के लोग उलाहना देने आरोपी के घर गये तो उसे ननका, कल्लू, रामनरेश व रामनरेश की पत्नी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी। कोतवाल अवन दीक्षित का कहना है कि तहरीर के आधार पर आशीष पटेल समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एक अप्रैल से शुरु होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बनाई गई रणनीति

## एक से 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के सभागार में शनिवार को एक अप्रैल से शुरु होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर जिला मलेरिया अधिकारी पीके द्विवेदी तथा नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने अधिकारियों व सभासदों के साथ मिलकर रणनीति बनाई।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर यह अभियान एक माह तक पूरे प्रदेश में चलेगा जिसके तहत मच्छरों का प्रकोप कम करने तथा पानी एकत्र न होने देने की सलाह दी। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने सभी सफाई कर्मियों के नायकों तथा सुपरवाइजरों को इस अभियान



संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक में मौजूद अधिकारीगण।

में जुट जाने के निर्देश दिये। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि संचारी रोगों के विरुद्ध अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा जिसमें नगर पालिका के प्रयास होगा कि पानी से जनित रोगों पर नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पानी रुकने न दें। नालियों की सफाई नियमित होगी और कूड़ा बाहर न फेंके। इस पर नागरिकों के सहयोग से ही इस अभियान पर नियंत्रण किया जा सकता है। इस मौके पर नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर सिंह व राजेश बिंद, जेई नल कल विभाग सभाजीत यादव, सफाई प्रभारी अजीत सिंह तथा अनेक सभासद मौजूद रहे।

# चाचा की मौत पर गिरफ्तार भतीजा भेजा गया जेल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** नशे में धुत होकर चाचा की पिटाई करने के आरोपी भतीजे को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। इधर पीएम के बाद परिवार के लोगों ने शव को गांव के समीप दफन कर दिया। उदयपुर थाना क्षेत्र के उदयपुर बाजार निवासी शिवकुमार शर्मा 68 गुरूवार की रात करीब बारह बजे दरवाजे पर सो रहे थे। आरोप है कि इसी बीच वहां पहुंचे उसके भतीजे रामकरन शर्मा पुत्र शंकर लाल शर्मा ने हमला कर चाचा को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सीएचसी सांगीपुर में चिकित्सकों ने शिवकुमार को मृत घोषित कर दिया। पीएम रिपोर्ट में मृतक की मौत का कारण स्पष्ट न होने से विसरा प्रिवर्ज किया गया है। इधर मृतक के पुत्र सूरज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी भतीजे रामकरन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसओ राधेबाबू का कहना है कि हत्यारोपी भतीजे को जेल भेज दिया गया है।

# डा0 निर्मला पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मचाया धमाल



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डॉ0 निर्मला पब्लिक स्कूल, अरविंद नगर, देवकली मोड़ में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, डॉ0 संगम लाल त्रिपाठी, स्कूल प्रबंधक ईजी0 चंद्रकांत त्रिपाठी, विश्वदीप त्रिपाठी, अखिलेश पांडेय ने माँ सरस्वती की पूजा व अर्चना की और दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगमलाल त्रिपाठी भंवर व संचालन रवीन्द्र अजनबी ने किया। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों ने अनेक आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। नाटक व नृत्यों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल राजीव वर्मा व विद्यालय स्टाफ राजकुमार यादव, भावना पांडेय, सोनी पांडेय, पूजा त्रिपाठी, संजू गुप्ता, कल्पना, रोशन, पल्लवी, सुप्रिया, ज्योति आदि मौजूद रहे। स्कूल के बच्चो ने आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें रिया, काव्या, निष्ठा, शुभी, विभव, आस्तित्व, मंजीत, आरोही, प्लेग्रुप के बच्चे जिसमें रितिका, समृद्धि, आरुष, आरोही, प्रांजल इत्यादि ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

# बेल्हा के इमरान प्रतापगढ़ी बने कांग्रेस के स्टार प्रचारक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को कांग्रेस पार्टी ने अपने लोकसभा चुनावों में पार्टी के प्रचार अभियान में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मणिपुर, जम्मू कश्मीर सहित देश के अनेक राज्यों के लिए स्टार प्रचारक बनाया है। देश में हो रहे लोकसभा चुनावों में इमरान प्रतापगढ़ी पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी एवम राहुल गांधी के साथ साथ देश के सभी हिस्सों में पार्टी के लिए ताबड़तोड़ प्रचार करेंगे। पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को निर्गत किये गए पत्र के तहत इमरान प्रतापगढ़ी को स्टार प्रचारक बनाये जाने की जानकारी दी।

इमरान प्रतापगढ़ी अपनी विशिष्ट शैली में प्रचार के लिए जाने जाते हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार के लिए पार्टी ने जब इमरान प्रतापगढ़ी को स्टार प्रचारक बनाया है तो ज़ाहिर है कि पार्टी का इमरान प्रतापगढ़ी पर भरोसा और बढ़ा है और पार्टी लगातार इमरान प्रतापगढ़ी के कद को बढ़ाने का काम कर रही है। ज्ञात हो कि अभी हाल ही में राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत इमरान प्रतापगढ़ी के नेतृत्व में प्रतापगढ़ जिले की सीमा पर देल्हूपुर में किया गया था जिसमें हज़ारों युवाओं के साथ साथ हर तबके के लोग शामिल हुए थे। बेल्हा के लाल इमरान प्रतापगढ़ी को देश भर में पार्टी का स्टार प्रचारक बनाए जाने पर गृह जनपद प्रतापगढ़ जिले के लोगों में प्रसन्नता और उत्साह का माहौल है।

# कुण्डा स्टेशन पर बंदरों के आतंक से यात्री हो रहे परेशान

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के कुण्डा हरनामगंज स्टेशन में बंदरों की बढ़ती संख्या व आतंक से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बंदरो के आतंक से आस पास के कस्बे के लोग त्रस्त हैं ट्रेन आने के समय बंदरो के आतंक से भगदड़ मच जाती है जिससे लोग मामूली रूप से चोटहिल हो जाते है। रेलवे स्टेशन पर उत्पात मचा रहे बंदर यात्रियों से खाने पीने का एवं अन्य सामान छीन ले जाते हैं और यदि यात्री लोग बंदरो को दौड़ाने का प्रयास करते है तो उल्टा बंदर यात्रियों पर हमला कर उन्हें काट भी लेते है। कई बार कुंडा स्टेशन के अधिकारियो व कर्मचारियों ने बंदरों को पकड़वाने के लिए अपने आला अफसरों को अवगत कराया लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। कुंडा रेलवे स्टेशन पर नये आने वाले रेल यात्रियों को बंदरों की जानकारी नहीं होती ऐसे में बंदर उनके हाथ में लगे खाने पीने के सामान के अलावा अन्य सामान छींनकर ले जाते हैं।

# ....लोचन मगु रामहि उर आनी, मूंदही आंख कपाट सयानी

## अष्टभुजा नगर में चल रही श्रीराम कथा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के अष्टभुजा नगर क्षेत्र में श्री राम कथा अमृत वर्षा में महामृत्युंजय पीठ, उज्जैन से पधारे महाराज प्रणव पुरी जी द्वारा आज चैथे दिन की कथा में प्रभु श्री राम और मां जानकी के परस्पर प्रथम दर्शन और उसके बाद की स्थितियां, प्रेम की आध्यात्मिक परिभाषा, पुष्प वाटिका की विलक्षता, का भक्तों ने श्रवण किया। रामकथा में हर रोज सैकड़ों लोग जुट रहे हैं।

आचार्य प्रणव पुरी जी ने रामायण के चैपाइयों के गायन के



अष्टभुजा नगर में आयोजित राम कथा में कथा कहते प्रणण पुरी महराज।

साथ कथा के शुरूआत में बताया कि महामुनि विश्वामित्र के आदेश पर राम और लक्ष्मण राजा जनक की पुष्प वाटिका में गुरु पूजन के लिए फूल लेने जाते हैं। पुष्प वाटिका में फूल तोड़ते हुए श्रीराम लताओं के बीच से वाटिका में अपनी सखियों के साथ आ रहीं सीता को देखते हैं और श्रीराम की टकटकी बंध जाती है तो वहीं सीता ने भी लताओं की ओट से राम के व्यक्तित्व को निहारते हुए अपने नेत्र बंद कर लिए और उन्हें हृदय में स्थापित कर लिया। लोचन मगु रामहि उर आनी, मूंदही आंख कपाट सयानी सीता और उनकी सखियां चिन्तित हो गई कि जिन्हें फूल तोड़ने में पसीना आ रहा है वे धनुष कैसे तोड़ पाएंगें। राम कथा का यह प्रसंग सुनने लायक था। कथावाचक ने आगे बताया कि राम-सीता की इस भेंट के बाद सखियां सीता जी के साथ मां गौरी के पूजन के लिए पहुंची, जहां पर मोर मनोरथ जानहु नीके, बसहु सदा उर पुर सब हीके सीता ने इस चैपाई के साथ मां गौरी से प्रार्थना करते कहा कि हे मां, आप सबके मनोरथ को जानती हो, इसी दौरान एक फूल सीता के सिर पर आर्शीवाद स्वरूप गिरता है। उधर राम-लक्ष्मण विश्वामित्र के पास पहुंचे जहां, मुनि विश्वामित्र ने आर्शीवाद दिया कि आपके सभी मनोरथ सफल होंगे। इस पूरे प्रसंग को सुनकर प्रांगण में उपस्थित जनसमूह अभीभूत हुआ और करतल ध्वनि से ईश्वर के प्रेम की दशा को आत्मसात किया। इस अवसर पर सैकड़ो भक्तगण सहित आचार्य सुधीर कुमार तिवारी, उद्रेज बहादुर सिंह, संतोष कुमार मिश्रा, सुशील कुमार शुक्ला, संजीव तिवारी, राम प्रदोष पांडे, रमेश तिवारी, उमेश कुमार मिश्रा, उमा सिंह, शिवपति देवी, ममता त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# परीक्षा फल वितरण समारोह में उत्कृष्ट छात्र हुए पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** स्थानीय विद्यालय रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज में वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं को प्रगति पत्र एवं पुरस्कार देकर किया गया सम्मान इसी के साथ ही सेवानिवृत अध्यापक राजमणि त्रिपाठी को अंग वस्त्रम एवं गीता तथा माला पहनकर सम्मानित करते हुए की गई विदाई अपने संबोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि कठिन परिश्रम एवं लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नए सत्र प्रारंभ की मंगल कामना के साथ छात्र-छात्राओं को प्रवेश के लिए प्रेरित किया और सेवानिवृत्ति हो रहे श्री त्रिपाठी को धन्यवाद देते हुए कहा



परीक्षाफल वितरण के दौरान अतिथि का स्वागत करते लोग।

कि इन्होंने कुशलता पूर्वक अपने सेवाकाल को निभाया इस क्षेत्र में इन्होंने एक आदर्श प्रस्तुत किया इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा पूरा विद्यालय परिवार आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है कार्यक्रम में प्रकाश दत्त मिश्र, सतीश पांडे, राजेश दुबे,राकेश मिश्रा,उमापति पाल, देवी प्रसाद तिवारी, वेद प्रकाश उपाध्याय, प्रफुल्ल रावत, नीलम मिश्रा, प्रमोद दुबे, सुरेश मिश्रा, वरुण पटेल, साधुराम यादव, जगन्नाथ यादव, अरुण मिश्रा, अमलेश कुमार स्थानीय विद्यालय रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी में वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं को प्रगति पत्र एवं पुरस्कार देकर किया गया सम्मान इसी के साथ ही सेवानिवृत अध्यापक राजमणि त्रिपाठी को अंग वस्त्रम एवं गीता तथा माला पहनाकर सम्मानित करते हुए की गई विदाई अपने संबोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि कठिन परिश्रम एवं लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नए सत्र प्रारंभ की मंगल कामना के साथ छात्र-छात्राओं को प्रवेश के लिए प्रेरित किया और सेवानिवृत्ति हो रहे त्रिपाठी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इन्होंने कुशलता पूर्वक अपने सेवाकाल को निभाया इस क्षेत्र में इन्होंने एक आदर्श प्रस्तुत किया इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा पूरा विद्यालय परिवार आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है कार्यक्रम में प्रकाश दत्त मिश्र सतीश पांडे राजेश दुबे राकेश मिश्रा उमापति पाल देवी प्रसाद तिवारी वेद प्रकाश उपाध्याय प्रफुल्ल रावत प्रशस्ततिवारी इंद्रकेश सिंह नीलाभ मिश्रा प्रमोद दुबे सुरेश मिश्रा संजय तिवारी सिद्धेश शुक्ला वरुण पटेल साधुराम यादव जगन्नाथ यादव अवलेश कुमार हरिश्चंद्र संजीव पांडे उमाकांत तिवारी विनोद मिश्रा अमित बरनवाल बलवंत सिंह शिवम धुरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने मानिकपुर व नवाबगंज थाने का किया औचक निरीक्षण

## थाने की व्यवस्था व साफ सफाई के साथ अभिलेख देखकर खुश नजर आये

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रतापगढ़ राजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मानिकपुर व नवाबगंज थाने के साथ पोलिंग बूथ व प्राइमरी स्कूलों का तूफानी दौरा किया जिसमे मानिकपुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बभनपुर स्कूल व पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया।

विद्यालय मे पढ़ने वाली बिटिया से डी एम ने सवाल पूछा तो बेटी ने ब्लैक बोर्ड पर उत्तर लिखकर बता दिया जिस पर डीएम एसपी ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए मानिकपुर



थाने का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

थाना पहुँचे जंहा प्रभारी निरीक्षक व पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए नवाबगंज थाना पहुँचे जंहा थाने की साफ सफाई व अभिलेखो के रख रखाव व व्यवस्था देखकर खुश नजर आये और 2500 रुपये नगद इनाम भी दिया। थाना प्रभारी धीरज ठाकुर व अन्य पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश देते हुए अपने गतव्य को रवाना हो गये। आगामी लोक सभा चुनाव को देखते डीएम व एसपी शांति पूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन कराने के लिए कमर कसे हुए है और अराजकतत्वों व शरारती तत्वों को सलाखों मे भेजनें के लिए अपने मातहतो को सख्त निर्देश दे रखे है।

# मतदाता शपथ तथा मतदाता जागरूकता रैली को सीडीओ ने दिखाई हरी झण्डी

### महगांव इण्टर कालेज में आयोजित मतदाता जागरूकता गोष्ठी में सीडीओ ने कहा कि लोकतन्त्र की मजबूती के लिए करें शत-प्रतिशत मतदान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रभारी अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने महगांव इण्टर कालेज में स्वीप के अन्तर्गत आयोजित मतदाता जागरूकता गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा लोकतन्त्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतन्त्र हैं। उन्होंने लोकतन्त्र को और सुदृढ़ करने के लिए जनपद के सम्मानित मतदाताओं ग्रामवासियों से आह्वान किया कि मतदान अवश्य करें। इसके साथ ही उन्होंने शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए उपस्थित लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि जनपद में विगत लोकसभा चुनाव का मतदान प्रतिशत मात्र 54 प्रतिशत ही रहा, यह मजबूत लोकतन्त्र बनाये रखने के लिए उपयुक्त नहीं हैं, हम सब लोग शत-प्रतिशत मतदान कर लोकतन्त्र को और मजबूत करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा रैलियो आदि आयोजित कर मतदाताओं को




जागरूक किया जाय, जिससे अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्हांने कर्मचारियों से कहा कि अपने क्षेत्र में, जो मतदाता जनपद तथा प्रदेश से बाहर रहतें हैं, उनकी सूची बनाकर उनसे उनके परिवार से सम्पर्क कर 20 मई 2024 को मतदान दिवस पर मतदान करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाया। मुख्य विकास अधिकारी ने महिलाओं की मतदाता जागरूकता रैली तथा मतदाता जागरूकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। महिलाओं ने ग्राम-महगांव में भ्रमण कर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया तथा बाइक रैली महगांव इण्टर कॉलेज से प्रारम्भ होकर विकास खण्ड मूरतगंज तक निकाली गई एवं मतदाताओं को 20.05.2024 को शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। उपायुक्त स्वतः रोजगार सुखराज बंधु एवं खण्ड विकास अधिकारी मूरतगंज संजय गुप्ता द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समूह की दीदियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी बी०एम०एम०, सफाईकर्मियों तथा उपस्थित क्षेत्रवासियों नागरिकों से कहा कि आप लोग अपने आस-पास के मतदाताओं को जागरूक करें, जिससे वे बूथ पर जाकर शत-प्रतिशत मतदान करें तथा जिनका अभी भी मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है तो वे अपना पहचान पत्र बनवा लें। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता सम्बन्धी रंगोली बनाते हुए शत प्रतिशत मतदान का संदेश प्रसारित करते हुए लोकतंत्र को सशक्त करने का आह्वान किया।

# मनौरी में बाबा खाटू श्याम की जयकारे के साथ निकाली गयी भव्य विशाल शोभा यात्रा

### बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाकर भजन कीर्तन व विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया



**मनौरी कौशाम्बी।** श्री श्याम मित्र मण्डल मनौरी बाजार द्वारा शनिवार सुबह 8:00 बजे अपने नगर में बाबा खाटू श्याम की जयकारे के साथ एक भव्य विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे मनौरी नगर के हजारों की संख्या में श्याम भक्त महिला पुरुष व बच्चे खाटू श्याम का जयकारा लगाते हुए नाचते झूमते गाते भ्रमण कर रहे थे श्याम भक्तो के लिए कई जगह पर जलपान की बेहतरीन व्यवस्था नगर के व्यापारियों द्वारा की गई थी,शोभा यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी मौजूद रहे। शोभा यात्रा के बाद शाम 7:00 से बाबा खाटू श्याम का विशाल दरबार सजाकर भजन कीर्तन का कार्यक्रम खाटू श्याम के भक्तों द्वारा किया गया भक्तों ने कार्यक्रम का जमकर लुफ्त उठाया कार्यक्रम मे कोटा राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक श्याम सलोना मुंबई की बुलबुल अग्रवाल अमिलिया के अमित मिश्रा और प्रयागराज की लक्ष्मी गुप्ता ने अपनी गायकी से लोगो का मन मोह लिया और साथ ही साथ कार्यक्रम के बगल में एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया नगर के भक्तों ने भंडारे में खाटू श्याम का प्रसाद ग्रहण किया।

## नोडल अधिकारी से संपर्क कर चुनाव में जब्त नगदी और सामग्री पा सकते हैं वापस

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव में उड़नदस्ता दल एवं स्थैतिक निगरानी दल द्वारा जब्त नगदी बहुमूल्य वस्तु के वापसी के सम्बन्ध में नोडल अधिकारी के मोबाइल नम्बर 9451848810 पर संपर्क करके लोग अपनी नगदी और जब्त सामग्री वापस पा सकतें हैं लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की दिनांक 16 मार्च, 2024 को निर्वाचन की घोषणा के साथ ही लोकसभा क्षेत्र कौशाम्बी में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। स्वत्रंत एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैनात उड़न दस्तें (ऋ-र-ळ) एवं पुलिस प्रशासन द्वारा निर्वाचन क्षेत्र में सघन निगरानी की जा रही हैं। यदि कोई नकदी/बहुमूल्य वस्तुओं को उड़न दस्तें/स्थैतिक निगरानी दल/पुलिस प्रशासन द्वारा जब्त किया जाता है, तो इसके रिलीज करने के सम्बन्ध में जिला स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला शिकायत समिति (ऊ्रउ) गठित की गयी है। यह जानकारी नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण समिति/वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह ने देते हुए बताया कि सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा साक्ष्यों सहित जब्ती के विरूद्ध गठित समिति के समक्ष अपील की जा सकतीं है। समिति की बैठक वरिष्ठ कोषाधिकारी, कार्यालय कक्ष में होगी। उन्होंने बताया कि जब्ती के विरूद्ध की गई अपील का परीक्षण कर जब्ती को रिलीज करने के सम्बन्ध में ससमय समिति निर्णय लेंगी। जब्ती के सम्बन्ध में नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण समिति के मोबाइल नम्बर 9451848810 पर सम्पर्क किया जा सकता हैं।

## सच्चा पत्रकार वही है जो सेवा एवं त्याग की भावना से सत्य को करता है उजागर : राम बदन भार्गव

**कौशाम्बी।** जिले में मान्यता प्राप्त पत्रकार संवाददाता समिति की मासिक बैठक शनिवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर में समिति के अध्यक्ष राम बदन भार्गव की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में मान्यता प्राप्त पत्रकारों से संबंधित विभिन्न विषयों में विस्तार से चर्चा की गई दिन के समाधान के लिए एक जुट हो कर संघर्ष करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। बैठक को संबोधित करते हुए राम बदन भार्गव ने कहा पत्रकार आजीवन निस्वार्थ भाव से निर्भीकता समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति की समस्या की ओर शासन प्रशासन का ध्यान अपने कलम के माध्यम से आकृष्ट करने का काम करता है उन्होंने कहा कि सच्चा पत्रकार वही है जो सेवा एवं त्याग की भावना से सत्य को उजागर करता है उन्होंने कहा कि आजादी के बाद मान्यता प्राप्त पत्रकारों को सरकार द्वारा सहूलियत दी जानी चाहिए थी उपेक्षात्मक भाव के चलते हो नहीं मिल पाया उन्होंने कहा अभी भारी संख्या मान्यता प्राप्त पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड नहीं मिला दुर्घटना बीमा योजना का लाभ नहीं मिल पाया ट्रेन में आंशिक रूप से सम्मान स्वरूप मिलने वाली आशिक सुविधा भी कोरोना कल में स्थगित कर दी गई जिसे अभिलंब लागू किया जाना चाहिए उन्होंने कहा पूरे जीवन जोखिम भरा कार्य करने वाला पत्रकार 60 वर्ष बाद खाली हाथ होकर मुश्किल की जिंदगी जीने को मजबूर हो जाता है उन्होंने कहा पत्रकारों को सम्मान और सुरक्षा देने के गारंटी सरकार की है जिसके लिए प्रभावी कदम नहीं उठाया गया उन्होंने कहा कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों को जिला मुख्यालय निःशुल्क आवासीय भूखंड उपलब्ध कराने के साथ ही मीडिया संकुल भवन सीख रहे जिला मुख्यालय में बनाए जाने की जरूरत है। बैठक में महेंद्र मिश्रा, बालमुकुंद तिवारी, रमेश त्रिपाठी, सच ज्ञानचंद द्विवेदी, मोहम्मद मोअज्जम, डॉक्टर अतहर रिजवी, कृष्णमणि मिश्रा, जरीना सिद्दीकी, आदि पत्रकार सम्मिलित रहे।

# गंगा में डूबे दो युवकों का दूसरे दिन मिला शव

### युवकों के शव देखते ही परिवार में मचा कोहराम एक युवक का पहले दिन मिल चुका था शव

**अखंड भारत संदेश**

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के पांच युवक शुक्रवार की दोपहर प्रतापगढ़ जनपद के मानिकपुर थाना के करेंटी घाट में स्नान करने गए थे। जहां पर दोपहर दो बजे करीब अचानक गहरे पानी में चले जाने से एक दूसरे को बचाने के चक्कर में तीन युवक डूब गए थे। जिनकी खोजबीन के बाद स्थानीय गोताखोरों ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शाम छह बजे डूबे युवकों में से बम्हरौली निवासी आदित्य 20 साल पुत्र बीरेंद्र जायसवाल का शव खोज निकाला था। उसके बाद शनिवार को सुबह प्रयागराज से आए एसडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर अजीत कुमार भारतीय की चौदह सदस्यीय टीम ने पहले बसावनपुर निवासी शुभम 21 साल पुत्र आत्माराम का शव घटना के 16 घंटे बाद गहरे पानी से खोज निकाला। इसके बाद लगातार खोजबीन के बाद चौबीस घंटे की



मेहनत के बाद दोपहर करीब दो बजे तीसरे युवक पलटीपुर निवासी अभिषेक 20 साल पुत्र रामप्रकाश का भी शव खोज निकाला गया। मौके पर मौजूद रही मानिकपुर पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद आदित्य और शुभम का शव देर शाम तक घर लाया गया। शव को देखते ही उपस्थित महिलाएं और परिजन के करुण क्रंदन से कोहराम मच गया। देर शाम दोनो के परिवारीजनों ने शहजादपुर घाट शवों को ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। अभिषेक का शव शाम तक नहीं पहुंचने के कारण उसका अंतिम संस्कार आज समाचार लिखे जाने तक नही हो सका है।

# न्यूज झरोखा

## प्राथमिक विद्यालय सुरसेना में वार्षिक उत्सव के अवसर पर वितरित किया गया प्रमाण पत्र



**कौशाम्बी।** प्राथमिक विद्यालय सुरसेना वि0ख0 नेवादा में शैक्षिक सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन 30 मार्च को किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ देवेश सिंह यादव डायट प्रवक्ता एवं डॉ कौशलेंद्र मिश्र डायट प्रवक्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथि का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को परीक्षाफल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पदुमनाथपुर सुरसेनी के प्रधान प्रतिनिधि सुधीर शुक्ला एसएमसी अध्यक्ष सूर्य प्रकाश मिश्रा भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा एवं अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।डा0 देवेश सिंह के द्वारा विद्या ज्ञान प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्रा आकांक्षा व उसके अभिभावक को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्र0 अ0 विश्वनाथ मिश्रा प्राथमिक विद्यालय सुरसेना के द्वारा किया गया।

## शिक्षा ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है : अवधेश विश्वकर्मा



**कड़ा कौशाम्बी।** कड़ा विकास खण्ड के गौसपुर नवावाँ स्थित मथुरा प्रसाद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को परीक्षाफल वितरण एवं मेघावी छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा व विशिष्ट अतिथि सुशील शुक्ल उपस्थित रहे।अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की गयी।इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि शिक्षा हर मनुष्य के जीवन में अत्यंत ही जरूरी है क्योंकि शिक्षित व्यक्ति ही अच्छे समाज का निर्माण करता है तभी देश का विकास होता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि वह अपने बच्चों के प्रति सचेत रहकर उन्हें शिक्षा ग्रहण कराने के लिए एक अच्छा माहौल बनाए।विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब शंकर तिवारी ने आए हुए अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत सम्मान किया।अतिथियों द्वारा विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की गयी।इस अवसर पर अरुण त्रिपाठी, दिलीप सेन, हर्ष कुमार, सुचेता , ऋतु पाल, सोनाली तिवारी, सोनाली शर्मा, सलोनी यादव ,साबरीन ,चांदनी बानो,नेहा मिश्रा,प्रदीप मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# बेटे की सगाई में मेहमानों को गौ मांस खिलाने के लिए काटे जा रहे थे गोवंश लोगों ने दौड़ाया

### सांसद के करीबी एक भाजपा नेता पर लगा गौकशी कराने का आरोप,पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के करारी थाना क्षेत्र में भाजपा नेता पर गौकशी कराए जाने का आरोप लगा है यह भाजपा नेता सांसद विनोद सोनकर के बेहद करीबी है भाजपा नेता के बेटे की सगाई में मेहमानों को गौमांश खिलाने की तैयारी थी और मेहमानों को गौमांश खिलाने के लिए गौकशी कराए जाने की व्यवस्था भाजपा नेता ने की थी आधी रात को गौकशी का मामला सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है,जहा एक गौवंश को जिंदा काटा जा रहा था ग्रामीणों के पहुंचने पर गौकशी करने वाले फरार हो गए,गौकशी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,मामले की सूचना ग्रामीणों ने करारी पुलिस को दी है,ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। करारी थाना क्षेत्र के सालेपुर गांव में शुक्रवार की रात एक गौवंश को लोग काट रहे थे,ग्रामीणों ने गौकशी किए जाने का आरोप भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रभारी पर लगाया है, गौकशी की सूचना जैसे ही ग्रामीणों को हुई उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी, सूचना पर पहुंची पुलिस




ने घायल गौवंश को मंझनपुर पशु चिकित्सालय इलाज के लिए भेज दिया जहा उसका इलाज किया जा रहा है,वही पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुट गई है गौकशी करने वाले भाजपा नेता को बचाने की कवायद शुरू हो गई है वही इस मामले में विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने करारी थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है और कहा कि यदि एक सप्ताह में गौकशी करने वाले आरोपियों को जेल नही भेजा गया तो धरना प्रदर्शन करेंगे।

## आधी रात को महिला के साथ चार लोगों ने की छेड़खानी

**चायल कौशांबी** प्रयागराज जनपद के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के जलालपुर भर्ती गांव में घर के भीतर सो रही एक महिला के घर 11:00 बजे रात युवक घुस गए यह युवक आधी रात को महिला के घर कैसे घुसे इस बात की जानकारी महिला नहीं दे पा रही है महिला का कहना है कि घर में घुसे 4 युवक उसके साथ छेड़खानी कर रहे थे इसी बीच आहट पाकर महिला का पति और बेटी जाग गई है बेटी और पति ने जब विरोध किया तो महिला से छेड़खानी कर रहे चारों युवकों ने बेटी और पति की पिटाई कर दी है महिला का कहना है कि चारों युवक आधी रात को छेड़खानी करने उसके घर के भीतर घुसे थे ना दरवाजा तोड़ा गया है और ना कोई अन्य रास्ते से घुसने का तरीका था फिर आधी रात को दरवाजा किसने खोला है यह जांच का विषय है मामले की सूचना थाना पुलिस को पीड़ित परिवार द्वारा दिया गया है।

## बीएसए ने स्मृति चिन्ह भेंटकर शिक्षको को किया सम्मानित



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के बीआरसी सभागार में शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ एवं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ब्लाक इकाई कड़ा के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से शिक्षक सम्मान व सेवानिवृत शिक्षको का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा व खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव ने रविवार को सेवानिवृत हो रहे शिक्षको को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा की शिक्षक ही समाज में एक नई अलख जलाता है । कार्यक्रम में मौजूद शिक्षको ने भी 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षको में कंपोजिट विद्यालय भैरावां की रजनी देवी उच्च प्राथमिक विद्यालय भौंतर की कल्पना सिंह कंपोजिट विद्यालय सौरई बुजुर्ग प्रथम के वीरेंद्र शंकर , कंपोजिट विद्यालय नासिरपुर फरीदगंज के अनिल कुमार गौतम कंपोजिट विद्यालय बारा हवेली के कुतुबुद्दीन व प्राथमिक विद्यालय फतेहशाह का पुरवा के वीरेंद्र कुमार मौर्य को स्मृति चिन्ह भेंटकर अपने अपने विचार रखते हुए सेवानिवृत हुए शिक्षको के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ कड़ा के ब्लाक अध्यक्ष अफरोज आलम , मंत्री जयनेन्द्र कुमार, विजय कुमार, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ कड़ा के महामंत्री अरुण कुमार मिश्र, एआरपी प्रभाकर मिश्रा दिनेश कुमार श्रीवास्तव मनोज द्विवेदी, जुबैर अहमद अहमद रजा संदीप कुमार त्रिपाठी अजय कुमार नागेन्द्र प्रताप सिंह, इरशाद मोहम्मद सिद्दीकी, दीपक कुमार माले, श्रेया द्विवेदी अरविन्द कुमार पाण्डेय सर्वेश कुमार मौर्य कमला सोनकर सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## सेवानिवृत प्रधानाध्यापक का जोरदार तरीके से स्वागत



**कौशांबी।** नेवादा बिकास खण्ड क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पिपरी में प्रधानाध्यापक सीता देवी का विदाई समारोह बड़े हरसोल्लाश के साथ किया गया सीता देवी 62 साल अपनी सर्विस पूरी करके आज अपने कुशल कार्य काल से सेवानिवृत्त हुई प्रधानाध्यपक सीता देवी अपने कार्य काल के दौरान कई विद्यालयों में कार्यरत रहते हुए नन्हे मुन्ने बच्चो को अच्छी शिक्षा प्रदान करते हुए अपना घर सकुशल वापस जा रही है जिसमे प्राथमिक विद्यालय पिपरी के द्वारा विदाई समारोह आयोजित करके सीता देवी की भाव भीन विदाई किया गया कार्य कर्म में सर्व प्रथम सरस्वती माता की पूजा अर्चना एवम बंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया विद्यालय के समस्त स्टाप ने प्रधानाध्यपक सीता देवी को माल्यार्पण करके जोरदार स्वागत करते हुए राम चरित्र मानस सरस्वती माता की तस्वीर एवम विद्यालय का प्रतीक चिन्ह भेट करते हुए पति लक्ष्मी नारायण पूरी जो एयर फोर्स से रिटायर थे उनका भी स्वागत अभिनंदन किया तत्पश्चात प्रधानाध्यापक सीता देवी के द्वारा स्कूल में अच्छे नंबर हासिल करने वाले बच्चो को पुरस्कृत करके उनका हौसला अफजाई किया गया इस दौरान विनोद शुक्ला सलोनी पूजा देवी अंजना देवी रणविजय सिंह लक्ष्मी देवी गौतमी देवी शिक्षक संघ के महा मंत्री शैलेंद्र कुमार प्रबंध समित के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सुसीला सेन संगीता यादव गायक राज केसवानी एवम विद्यालय के बच्चे एवम गांव सैकड़ों माताएं एवम बहते उपस्थित रहे।

## तमंचा सटाकर बाइक सवार से दो हजार की लूट

**चायल कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय के पास बाइक सवार को तमंचा सटाकर रोक लेने के बाद उससे 2000 रुपए की लूट की गई है मामले की सूचना थाना पुलिस को दिया है जानकारी के मुताबिक कसेनदा निवासी हिमांशु अपने साथी संजय के साथ बाइक से 29 मार्च की रात्रि को तिल्हापुर मोड़ से कसेन्दा जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार प्राथमिक विद्यालय पिपरी के पास पहुंचे की दूसरे बाइक में दो लोगों ने ओवरटेक करके हिमांशु को रोक लिया और मारपीट कर तमंचा सटाकर 2000 रुपए लूट लिया है।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश शुरू

**कौशाम्बी** भारत सरकार द्वारा सहायतित पीपीपी योजना से आच्छादित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिराथू में संचालित व्यावसायां में कुल स्वीकृत सीटों के सापेक्ष 20 प्रतिशत सीटों पर पहले आओ, पहले पाओं की तर्ज पर सीधे प्रवेश होना है, जिसमें प्रतिमाह रू0-500 (पॉच सौ) फीस देय होगा। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिराथू के0के0 राम ने देते हुए अवगत कराया कि प्रवेश लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय में संपर्क कर सकतें हैं।

## अवैध वसूली का दबाव बनाने के लिए कौशाम्बी में खनन निरीक्षक चालकों से कर रहे हैं मारपीट

### चेकिंग के दौरान ट्रक चालक की कर दी पिटाई मोबाइल के साथ 13 हजार रुपए छीना



**कौशाम्बी।** बालू के अवैध खनन और उसके परिवहन के बाद वाहनों से अवैध वसूली का दबाव लगातार खनन अधिकारियों द्वारा बनाया जा रहा है जिन वाहनों से उनकी अवैध वसूली मिल रही है उनकी जांच नहीं होती और जिन वाहनों से वसूली कम मिलती है उनके चालकों के साथ मारपीट भी किया जाने लगा है कौशांबी के खनन अधिकारी की गुंडई से वाहन चालकों में रोष व्याप्त है वाहन चालकों का कहना है कि यदि अवैध तरीके से बालू का परिवहन करते हैं तो खनन विभाग को मोटी रकम देते हैं बालू के अवैध कारोबार को रोकने के बजाय खनन विभाग अवैध वसूली के हिस्से तक सीमित है और वसूली के लिए ही दबाव बनाया जा रहा है जिले में खनन निरीक्षक शत्रुघन सिंह पर बालू की ओवरलोड गाडियों की चेकिंग के दौरान ट्रक चालक की पिटाई करने का गम्भीर आरोप लगा है वही ट्रक चालक ने खनन निरीक्षक पर चालक के पास रखा मोबाइल और 13 हजार रुपए भी छीन लेने का आरोप लगाया है,ट्रक चालक ने खनन निरीक्षक के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। मामला सैनी कोतवाली क्षेत्र का है जहा खनन निरीक्षक शत्रुघ्न सिंह ओवरलोड वाहन को चेक कर रहे थे,तभी एक ट्रक आई और खनन निरीक्षक ने उसे रोका और चेक किया,आरोप है कि चेकिंग के दौरान खनन निरीक्षक ने ट्रक चालक समरजीत से अभद्रता और मारपीट भी की,यही नहीं ड्राइवर ने मोबाइल और 13 हजार रुपए जबरन छीनने और ट्रक का शीशा तोड़ने का भी आरोप लगाया है।ट्रक चालक रायबरेली निवासी समर्जीत ने इसकी लिखित शिकायत सैनी कोतवाली पुलिस से की है,पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मीटिंग में सोते हैं अफसर कैसे सफल होंगी सरकारी योजनाएं

### विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन के लिए अन्तर्विभागीय बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन के लिए द्वितीय जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक हुई। इस बैठक में अफसर सोते रहे लोगों ने सवाल उठाया है कि सोते हुए अफसर से मीटिंग कैसे सफल होगी मीटिंग के समय सोने वाले अफसर आखिर कौन सी इंपॉर्टेंट मीटिंग आधी रात को करते हैं जिससे उनकी रात को नींद नहीं पूरी होती है और दिन में मीटिंग के समय महत्वपूर्ण मीटिंग को छोड़कर उन्हें मीटिंग हाल में सोना पड़ता है बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने अब तक की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि अवशेष रह गये सफाई कर्मियों, ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आशा को प्रशिक्षण/कार्यशाला का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारियों एवं सम्बन्धित



अधिकारियों से कहा कि जनपद में डेगूॅ एवं संचारी रोगों से सम्बन्धित हॉट-स्पॉट क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देते हुए साफ-सफाई, एण्टीलार्वा का छिड़काव एवं फागिंग नियमित रूप से करायी जाय। उन्हांने प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउण्ट) बनाया जाय। उन्हांने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि संचारी रोग नियन्त्रण रोग अभियान के तहत माइक्रो प्लॉन के अनुसार सभी गतिविधियॉ/कार्यवाही की जाय तथा आमजन को संचारी रोगों के प्रति जागरूक भी किया जाय। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि आमजन को संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया जाय कि-मच्छरों से बचाव के लिए दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवायें, नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करें, मच्छररोधी उपाय अपनायें, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने दें, पानी की टंकी पूरी तरह से ढक कर रखें, पूरी बॉह वाली कमीज पैन्ट और मोजे पहनें, घर और कार्य स्थल के आस-पास पानी जमा न होने दें, कूलर व गमलों आदि को सप्ताह में खाली कर सुखाने एवं गड्ढ़ों में जहॉ पानी इकट्ठा हो, उसे मिट्टी से भर दें आदि के प्रति जागरूक किया जाय। इसी प्रकार संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नालियों में जलजमाव रोंकने एवं नियमित सफाई करने, जानवर बाडे. घर से दूर रखने, जंगली झाड़ियों को नियमित साफ करने, चूहे छछूंदरों से बचनें, पीने के लिए इण्डिया मार्का के पानी का प्रयोग करने, खाने से पहले साबुन से हॉथ धोनें, खुले में शौच न करने तथा नियमित शौचालय का प्रयोग करने, कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखने एवं बच्चों को जे0ई0 के दोनों टीके लगवाने आदि के प्रति भी जागरूक किया जाय।

संपादक की कलम से

## दिल्ली की रावडी देवी बन सकती हैं सुनीता

भारतीय राजनीति में सत्ता के हस्तांतरण के अनेक रोचक उदाहरण हैं, लेकिन बिहार की श्रीमती रावडी देवी जैसा कोई नहीं। भारत में महिला मुख्यमंत्री होना बड़ी बात नहीं है लेकिन पति के उत्तराधिकार के रूप में मुख्यमंत्री होना एक इतिहास है। भारत के राजनीतिक इतिहास में हमेशा अनूठा रचने वाले बिहार में 1997 में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्राद यादव को चारा घोटाला में सजा बतौर जेल जाना पड़ा तो उन्होंने अपनी पत्नी श्रीमती रावडी देवी को ही मुख्यमंत्री बना दिया था। अब यही हालात कमोवेश दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाले में गिरफ्तारी के बाद बन रहे है। अटकलें लगाईं जा रहीं हैं कि यदि केजरीवाल को जमानत न मिली और यदि उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा तो श्रीमती सुनीता केजरीवाल को दिल्ली की रावडी देवी बनाया जा सकता है।

कहने को तो भारत की पहली मुख्यमंत्री श्रीमती सुचेता कृपलानी रह चुकी हैं, उनके बाद देश के आधा दर्जन राज्यों में महिलाओं ने मुख्यमंत्री पद सम्हाला लेकिन रावडी देवी कोई दूसरा नहीं बन पाया। सुचेता जी 1963 से 1967 तक उत्तर प्रदेश देश की पहली मुख्यमंत्री रही। उनके बाद ओडिशा में नंदिनी सत्पथी को एक साल के लिए [1972 -1973 ] मुख्यमंत्री बनाया गया। उधर गोवा में श्रीमती शशिकला काकोदकर 1973 से 1979 तक मुख्यमंत्री रहीं। उनके पिता दयानद बंदोदकर भी मुख्यमंत्री रह चुके थे। असम में सैयद अनवरा तैमूर को कांग्रेस ने 1980 से 1981 की अवधि के लिए मुख्यमंत्री बनाया। तमिलनाडु में सुश्री जयललिता ने छह बार मुख्यमंत्री बनकर नया कीर्तिमान बनाया। हालांकि उनसे पहले श्रीमती जानकी रामचंद्रन भी एक महीने के लिए तमिलनाडु की पहली महिला मुख्यमंत्री बनाई गयी थीं।

उत्तर प्रदेश में बसपा की मायावती ने पांच बार मुख्यमंत्री बनकर जय ललिता का मुकाबला करने की कोशिश की। श्रीमती राजकुमार भट्टल भी 1996 से 1997 के बीच पंजाब की पहली मुख्यमत्री बनी। देश को पहली रावडी देवी 1997 में बिहार की मुख्यमंत्री के रूप में मिलीं और वे 2005 तक मुख्यमंत्री रहीं। उन्हें ये पद अपने पति से उत्तराधिकार में मिला था। सुषमा स्वराज को भी १९९८ में तीन माह के लिए दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला, लेकिन दिल्ली को पूर्णकालिक मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती शीला दीक्षित [1998 से 2013 ] ही मिलीं। वे लगातार दो बार दिल्ली की मुख्यमंत्री रही।

श्रीमती शीला दीक्षित के बाद मप्र में 2003 में उमा भारती, राजस्थान में बसुंधरा राजे और बंगाल में ममता बनर्जी ने मुख्यमंत्री का पद सम्हाला। जम्मू-कश्मीर में मेहबूबा मुफ़्ती और गुजरात में ये सौभाग्य श्रीमती आनंदी बेन पटेल को मिला। लेकिन इनमें से कोई भी रावडी देवी की तरह मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। कुछ सीधे अपने चेहरे के आधार पर चुनाव लड़कर मुख्यमंत्री बनीं और कुछ को राजनीतिक परिस्थितियों के तहत मजबूरी में मुख्यमंत्री बनाया गया। मौजूदा समय में दिल्ली में एक बार फिर ऐसी परिस्थितिया बन रहीं हैं की मौजूदा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्थान पर उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया जाये। देश की पहली रावडी देवी एकदम घरेलू महिला थी। उनकी शिक्षा भी सांकेतिक थीं। वे पहले कार्यकाल में तो गूंगी गुड़िया बनकर रहीं थीं, लेकिन यदि श्रीमत सुनीता केजरीवाल दूसरी रावड़ी बनतीं हैं तो वे उच्च शिक्षित हैं। वे आईआरएस हैं। सुनीता को 20 साल से ज्यादा सिविल सर्वि?स का भी अनुभव है। सुनीता केजरीवाल ने जूलॉजी में मास्टर्स डिग्री हासि?ल की है। वे 1993 बैच की आईआरएस अधिकारी हैं। सुनीता की पहली मुलाकात उस दौरान 1995 बैच के आईआरएस अधिकारी अरविंद केजरीवाल से भोपाल में हुई। दोनों ही एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिले, बाद में इसी मुलाकात की परिणति शादी में बदल गई। इसके बाद जब अरविंद केजरीवाल ने साल 2006 में आईआरएस के पद से इस्तीफा दिया था तब भी सुनीता सिविल सर्विस में रहीं। इस समय वे अपने पति की गैरमौजूदगी में अघोषित रूप से दिल्ली की सरकार चला रहीं हैं।

## क्या कुत्ते भाषा को समझते हैं?

कुत्ते अपने मालिक के निदेर्शों का पालन तो करते हैं लेकिन क्या ऐसा इसलिए है कि वे भाषा समझते हैं? कुछ यूरोपीय शोधकताओं ने इस सवाल का जवाब खोजने की कोशिश की है.

जो लोग कुत्ता पालते हैं वे बड़े शौक से इस बात को दिखाते हैं कि उनका कुत्ता उनकी बात समझता है. वे कहेंगे, बैठो तो बैठ जाएगा, वे कहेंगे खाओ तो खाएगा. यहां तक कि वे कहें, अपनी गेंद लेकर आओ तो गेंद ले आएगा. यह बात वैज्ञानिकों को हैरान करती रही है कि ऐसा कैसे होता है.

दरअसल, इंसान जब किसी भाषा का कोई शब्द सुनता है तो उसके मस्तिष्क में एक तस्वीर बनती है. वैज्ञानिक अब तक नहीं जानते थे कि जानवरों के साथ भी ऐसा होता या नहीं. हंगरी में हुए एक नए अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया कि कुत्ते शब्दों को तस्वीरों के साथ जोड़ना भी सीख सकते हैं.

इसे भाषा के साथ संदर्भगत संबंध बनाना कहा जाता है. कुत्तों के अंदर यह योग्यता होती है, इसके बारे में अब तक जानकारी नहीं थी.

**शब्दों से चीजों की पहचान**

मुख्य शोधकर्ता और न्यूरोसाइंटिस्ट मारियाना बोरोस कहती हैं, "जब हम चीजों के बारे में बात करते हैं तो वे कुत्तों के लिए अनजान होती हैं. उन्हें चीजों के बारे में सीखना होता है. वे ऐसी चीजें है जो उनकी दुनिया से बाहर की हैं.ह्व

बुडापेस्ट की ओटवोस लॉरैंड यूनिवर्सिटी में ईथोलॉजी विभाग में काम करने वालीं बोरोस का अध्ययन करंट बायोलॉजी नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है. बोरोस ने 18 कुत्तों पर यह अध्ययन किया. इसमें कुत्तों के मस्तिष्क की गतिविधियों और प्रक्रिया के अध्ययन के लिए उनके सिर की ईईजी की गई.

अध्ययन में शामिल कुत्तों के मालिकों ने एक ऑडियो क्लिप में उन चीजों के नाम लिए जो कुत्ते जानते हैं, जैसे कि गेंद या कोई खिलौना. उसके बाद उन्हें तस्वीरें दिखाई गईं. एक बार उसी चीज की तस्वीर दिखाई गई, जिसका नाम लिया गया था और दूसरी बार किसी अलग चीज की तस्वीर दिखाई गई. वैज्ञानिकों ने कुत्तों के मस्तिष्क में होने वाली गतिविधियों का आकलन किया.

बोरोस बताती हैं, "हमारा अंदाजा था कि अगर कुत्ता किसी चीज को दिए गए नाम का अर्थ समझता है तो वह नाम लिए जाने पर उसी चीज को देखने की उम्मीद करेगा. और अगर तब मालिक ने कोई अन्य चीज दिखाई तो उसके मस्तिष्क में कथित सरप्राइज रिएक्शन होगा. और हमने देखा कि यही हो रहा था.ह्व

**कुत्तों में जन्मजात क्षमता?**

अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पाया कि जब कुत्तों ने अपनी पहचानी हुई चीज का नाम सुना तो उनके मस्तिष्क में जो पैटर्न बने वे उनसे अलग थे जब उनको अनजान चीजें दिखाई गईं. इस आधार पर वैज्ञानिकों ने निष्कर्ष निकाला कि कुत्ते भी शब्दों को सुनकर उनकी तस्वीर अपने मस्तिष्क में बनाते हैं.

शोध की सहायक लेखिका और कॉग्निटिव न्यूरोसाइंटिस्ट लीला मैगयारी कहती हैं कि कुछ अन्य प्रजातियों के जानवरों ने भी यह क्षमता दिखाई है लेकिन वे जानवर ऐसे हैं जिन्हें बहुत ज्यादा ट्रेन किया गया है.

नॉर्वे की स्टैवेंजर यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर मैगयारी कहती हैं कि ऐसा प्रतीत होता है कि कुत्तों में ये क्षमताएं जन्मजात होती हैं. वैज्ञानिक ऐसे सिद्धांत पहले भी दे चुके हैं कि भाषा के विकास में संदर्भ की क्षमता सिर्फ इंसानों को नहीं मिलीं बल्कि अन्य प्राणियों को भी मिली हैं.


# बेरोजगार युवा नये भारत की ताकत कैसे होंगे?

-ललित गर्ग-

दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत में युवा- बेरोजगारी की दुखद तस्वीर चिन्तनीय है। भारत को युवा-शक्ति का देश कहा जाता है, युवाओं की संख्या, क्षमता और ऊर्जा को देश की ताकत के तौर पर पेश किया जाता और उन्हें विकास का वाहक बताया जाता है, बावजूद इसके अब अगर देश का युवा बेरोजगारी की समस्या का सामना करते हुए अपने सपनों को टूटते-बिखरते देख रहा है तो यह स्थिति एक त्रासदी एवं विडम्बना ही कहीं जायेगी, इसे सरकार की नाकामी ही मना जायेगा। लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी की यह स्थिति मुद्दा क्यों नहीं बन रही है? भारत में बेरोजगारी की स्थिति पर मानव विकास संस्थान यानी आइएचडी के साथ मिल कर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आइएलओ ने ह्यइंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024ह्न तैयार की है जिससे उजागर हुए बेरोजगारी के चिन्ताजनक तथ्यों पर गौर करने एवं आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। रिपोर्ट के निराशाजनक आंकड़े दो तथ्यों को रेखांकित करते हैं-बेहतर भुगतान करनेवाली नौकरियों के आकांक्षी शिक्षित युवाओं को खपा सकने वाली नौकरियों का अभाव और शिक्षा की गुणवत्ता में खामियां जिसके चलते बड़ी तादाद में शिक्षित युवा अब भी नौकरी के मानक को पूरा करने में अक्षम हो रहे हैं। दोनों ही स्थितियां सरकार की नीतियों की खामी को ही सामने ला रही है।

ताजा रपट सरकार की नीतियों, विकास एवं आर्थिक उन्नति की विसंगति को ही उजागर कर रही है। जिसमें बताया गया है कि देश में अगर बेरोजगार लोगों की कुल संख्या एक सौ है तो उसमें तिरासी लोग युवा हैं। अगर देश की बेरोजगारी की तस्वीर में तिरासी फीसद युवा दिख रहे हैं, तो इससे कैसे देश की ताकत में इजाफा होगा? इस अहम रपट में उजागर हुए कुछ विरोधाभासी तथ्यों एवं आंकड़ों पर भी गौर करने में मदद मिलती है। माना जाता है कि बेरोजगारी की समस्या काफी हद तक शिक्षा और कौशल विकास के अभाव का भी नतीजा है। मगर आइएलओ की रपट के मुताबिक, देश के कुल बेरोजगार युवाओं की तादाद में करीब दो दशक पहले के मुकाबले अब लगभग दोगुनी बढ़ोतरी हो चुकी है। खासतौर पर कोरोना महामारी के असर वाले वर्षों में इसमें तेज गिरावट दर्ज की गई। सोचने की जरूरत है कि नया भारत एवं विकसित भारत बनने के दौर में विकास के रास्ते में बेरोजगारी एवं युवा-सपनों को आकार देने का क्या हल है?

निश्चित तौर पर टेक्नोलॉजी से जुड़े बदलावों ने कौशल और रोजगार के प्रकारों की मांग को भी प्रभावित किया है। रिपोर्ट के अनुसार उच्च और मध्यम कौशल केन्द्रित नौकरियों में युवाओं ने बेहतर प्रस्तुति दी है। हालांकि, इन क्षेत्रों में नौकरी की इनसिक्योरिटी अभी भी परेशानी का सबब बनी हुई है। क्योंकि युवाओं में बुनियादी डिजिटल लिटरेसी की कमी भी कायम है। इस वजह से उनकी रोजगार की क्षमता में रुकावट आ रही है। बेरोजगारी की दुखद तस्वीर के बीच एक खराब स्थिति यह है कि इस दौरान ठेकेदारी प्रथा में वृद्धि हुई है। रपट के मुताबिक, संगठित क्षेत्रों में भी कुल कर्मचारियों का कुछ प्रतिशत हिस्सा ही नियमित है और वे दीर्घकालिक अनुबंधों के दायरे में आते हैं। ऐसी स्थिति में अंदाजा लगाया जा सकता है कि आजीविका से जुड़ी व्यापक असुरक्षा की स्थितियों का युवाओं एवं उनके परिवारों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता होगा। विडंबना यह है कि बढ़ती बेरोजगारी के साथ घटती आय का सामना कर रहे परिवारों में सीधा असर यह पड़ता है कि बच्चों और खासतौर पर लड़कियों की शिक्षा बाधित होती है।




भारत की चेतना को नया निखार देने का दायित्व युवापीढ़ी पर माना जा रहा है, उनसे बहुत-बहुत आशाएं है आजादी के अमृतकाल में लेकिन युवाओं के साथ बेरोजगारी एवं आर्थिक अभाव का दंश जुड़ा रहेगा तो देश कैसे आगे बढ़ेगा? वर्ष 2000 में पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों की संख्या रोजगार से वंचित कुल युवाओं में 35.2 फीसद थी, वहीं 2022 में यह बढ़ कर 65.7 फीसद हो गई। यह स्थिति तब है, जब इस अध्ययन में उन पढ़े-लिखे युवाओं को भी शामिल किया गया, जिन्होंने कम के कम दसवीं तक की शिक्षा हासिल की हो। इससे एक जटिल स्थिति यह पैदा होती है कि जितने लोगों को रोजगार मिल सका, उनमें से नब्बे फीसद श्रमिक अनौपचारिक काम में लगे हुए हैं, जबकि नियमित काम का हिस्सा बीते पांच वर्षों में काफी कम हो गया है। हालांकि सन 2000 के बाद इसमें बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। आखिर क्या कारण है कि देश में गरीब और हाशिये के तबकों के बीच दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने की दर आज भी उच्च स्तर पर बनी हुई है? आधी-अधूरी शिक्षा और कौशल-विकास के अभाव की समस्या का सामना करते युवा वर्ग की जगह अर्थव्यवस्था में कहां और किस रूप में है? राजनीतिक नारेबाजी में देश में युवाओं की बढ़ती तादाद और ताकत को एक उम्मीद के तौर पर पेश करने में कोई कमी नहीं की जाती है। मगर वादों या घोषणाओं के नीतिगत स्तर पर जमीन पर उतरने की हकीकत कई बार उसके उलट होती है। लगता है राजनेताओं के लिये युवा केवल जीत हासिल करने का माध्यम है। सवाल है कि इस विरोधाभासी स्थिति के रहते विकास की राह कहां पहुंचेगी? कैसे युवा अपनी ऊर्जा एवं क्षमताओं का उपयोग देश विकास में करेंगे? रिपोर्ट के मुताबिक युवा महिलाओं, खासतौर पर हायर सेकेंडरी पास महिलाओं को रोजगार हासिल करने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हाल के वर्षों में कृषि में रोजगार बढ़ा है पर मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की हिस्सेदारी स्थिर है। स्वरोजगार में युवाओं के सामने जटिल प्रशासनिक एवं कानूनी व्यवस्था एक बड़ी बाधा है। जीएसटी की जटिल प्रक्रिया ने व्यापार शुरू करने से पहले ही युवाओं को घुटने टेकने को विवश कर दिया है। इन विरोधाभासी हालातों में विकास परियोजनाओं से ही रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद रहती है। इस क्षेत्र में रोजगार की स्थिरता 2047 तक विकसित भारत बनने के सपने पर पानी फेर सकती है। इसलिए अधिक रोजगार पैदा करने वाली विकास परियोजनाओं को बढ़ाने की चुनौती बरकरार है। हर साल श्रमबल में शामिल होने वाले नए लोग अब बड़ी संख्या में स्वरोजगार और आकस्मिक श्रमिक के रूप में आ रहे है। स्वरोजगार का बढ़ना तो अच्छा संकेत माना जा सकता है पर आकस्मिक श्रमिकों का बढ़ना नहीं। सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने यह कहकर नई बहस एवं युवा-घावों को गहराने का काम किया है कि ह्ययह सोचना गलत होगा कि सरकार बेरोजगारी की समस्या को दूर कर सकती है।ह्न उन्होंने कहा कि सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाई है और कौशल विकास के प्रयास किए हैं। सरकार ने ये प्रयास रोजगार की स्थितियों की सुधारने के लिए ही किए हैं। रोजगार देना व्यावसायिक क्षेत्र का काम है। सरकार के सलाहकार होने के नाते नागेश्वरन को यह भी समझाना होगा कि नीतियों का लाभ उठाकर आगे बढ़ा व्यावसायिक क्षेत्र यदि अपेक्षित रोजगार उपलब्ध नहीं करा पा रहा है तो सरकार को ही उचित एवं प्रभावी कदम उठाने होंगे। रोजगार सृजन की स्थिति में अपेक्षित सुधार दर्ज नहीं होना सरकार एवं उनके नीति निमार्ताओं के लिए चिंता का सबब होना चाहिए। अब जबकि आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही है, राजनीतिज्ञों को न सिर्फ अपने प्रचार अभियानों में, बल्कि उसके बाद नीति-निर्माण में भी नौकरियां सुनिश्चित करनी होंगी और तकनीकी रूप से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए शिक्षण व प्रशिक्षण की गुणवत्ता को प्राथमिकता देना सुनिश्चित करना होगा। प्रेषकः

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# चुनाव में नहीं चुना जाता पर्यावरण

- डॉ. ओ. पी. जोशी

इसी समय 'जन आंदोलनों के राष्ट्रीय समन्वय' (एनएपीएम) में दस सूत्रीय जनता के मुद्दे सुझाये थे जिनमें एक जल, जंगल, जमीन, खनिज एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन से जुड़ा था। प्रसिद्ध पत्रकार प्रफुल्ल बिडवई से जुड़े नागरिकों के संगठन ने भी एक एजेंडा बनाया था जिसमें देश के प्राकृतिक संसाधनों एवं उनके प्रबंधन पर स्थानीय समुदाय के लोगों की भागीदारी पर जोर दिया गया था।




बहुत अधिक पीछे न जाकर पिछले 11-12 वर्षों में घटी प्रमुख त्रासदियों (केदारनाथ, जोशीमठ एवं सिक्किम) तथा मौसम की चरम घटनाओं को देखते हुए अब यह जरूरी हो गया है कि सभी राजनैतिक दल आगामी लोकसभा चुनाव (2024) में पर्यावरण को महत्व दें। पर्यावरण के मुद्दों को अपने घोषणा पत्रों या संकल्प-पत्रों में शामिल कर उनके समाधान हेतु प्रतिबद्धता दशार्यें। पर्यावरण से जुड़े कई लोगों एवं संगठनों की सलाह-सुझाव एवं मांगों के बावजूद राजनैतिक दलों ने पर्यावरण से दूरी ही बनाकर रखी है।

प्रसिद्ध वकील, पर्यावरणविद् एवं 'मेगसेसे पुरस्कार' प्राप्त एमसी मेहता ने बम्बई (अब मुम्बई) में आयोजित एक समारोह (1988) में कहा था कि पर्यावरण से जुड़े लोग चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों पर इस बात का दबाव बनायें कि वे अपने घोषणापत्रों में पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को शामिल करें। इसके साथ ही यह भी कहा था कि पर्यावरण क्षरण के कारणों में राजनैतिक नेताओं तथा सरकारी अफसरों की जिम्मेदारी तय होना चाहिये, भले ही वे पद पर हों या नहीं।

दिल्ली स्थित 'विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र' (सीएसई) के संस्थापक स्व. अनिल अग्रवाल ने दिल्ली दूरदर्शन के एक कार्यक्रम में कहा था कि देश को ऐसे जिम्मेदार एवं संवेदनशील राजनेताओं को जरूरत है जो अन्य समस्याओं के साथ न केवल पर्यावरण की समस्याओं को समझें, अपितु उनके समाधान में भी अग्रणी रहें। मार्च 2005 में 'आजादी बचाओ आंदोलन' के एक कार्यक्रम में 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग' के तत्कालीन अध्यक्ष एवं वैज्ञानिक स्व. प्रो. यशपाल ने कहा था कि राजनैतिक दलों ने चुनाव में हमेशा आम जनजीवन से जुड़े मुद्दों की अनदेखी की है, जिनमें पर्यावरण की समस्याएं प्रमुख हैं।

'चिपको आंदोलन' के प्रमुख, पद्मभूषण श्री चंडीप्रसाद भट्ट का कहना है कि मानव अस्तित्व की रक्षा के लिए पर्यावरण के बारे में राजनैतिक दलों ने कभी गंभीरता से नहीं सोचा। विभिन्न दलों के नेता सामाजिक संगठनों के मंचों से तो पर्यावरण बचाने की बात करते हैं, परतु चुनाव के समय अपने घोषणा पत्रों में उसे जगह नहीं देते। 'चिपको आंदोलन' को वैश्विक ख्याति दिलवाने वाले स्व. सुंदरलाल बहुगुणा ने 'नदी-जोड़ योजना' की एक बैठक में मई 2009 में गुस्से से कहा था कि सभी राजनैतिक दलों द्वारा पर्यावरण को चुनावी मुद्दा नहीं बनाना एक अपराध है क्योंकि इस सदी की शुरूआत ही जल संकट एवं 'ग्लोबल वार्मिंग' जैसी वैश्विक समस्याओं से हुई है।

लगभग 50 वर्ष पूर्व 'विश्व प्रकृति निधि' (वर्ल्ड फंड फॉर नेचर, डब्ल्यूएफएन जिसका पूर्व नाम 'विश्व्र वन्य जीव कोष' था।) ने एक 'ग्रीन-चार्टर' बनाकर विभिन्न राजनैतिक दलों के पास इस अनुरोध के साथ भेजा था कि इसकी बातें वे अपने चुनावी घोषणापत्रों में शामिल करें। इसमें पांच प्रमुख बात कही गयीं थीं - 'केन्द्रीय पर्यावरण व वन मंत्रालय' का नाम 'पर्यावरण संरक्षण मंत्रालय' हो, पर्यावरण संरक्षण में जनता की भागीदारी की योजना बनाई जाए, उद्योग, कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में पर्यावरण सरंक्षण पर ध्यान दें, शहरों की संतुलित एवं पर्यावरण अनुकूल विकास योजनाएं बने, शिक्षा व्यवस्था में पर्यावरण के महत्व को समझाया जाए।

इसी समय 'जन आंदोलनों के राष्ट्रीय समन्वय' (एनएपीएम) में दस सूत्रीय जनता के मुद्दे सुझाये थे जिनमें एक जल, जंगल, जमीन, खनिज एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन से जुड़ा था। प्रसिद्ध पत्रकार प्रफुल्ल बिडवई से जुड़े नागरिकों के संगठन ने भी एक एजेंडा बनाया था जिसमें देश के प्राकृतिक संसाधनों एवं उनके प्रबंधन पर स्थानीय समुदाय के लोगों की भागीदारी पर जोर दिया गया था। वर्ष 1998 में दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान वहां के निवासियों को वायु प्रदूषण के गंभीर प्रभावों के बारे में 'विज्ञान एवं पर्यावरण केन्द्र' द्वारा बताया गया था। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से कहा जाना चाहिए कि वे वादा करें कि पर्यावरण के मामले में आम लोगों के साथ हैं। इस सिलसिले में प्रत्याशियों के प्रयासों की जानकारी घोषणा पत्रों के अलावा विज्ञापनों में भी दी जानी चाहिए।

हाल ही में मुम्बई से प्रकाशित एक समाचार पत्र से पता चला कि वहां के 'नेट-कनेक्ट' तथा 'वाय डाग फाउंडेशन,' 'सागर शक्ति,' 'खबर,' 'वेटलैंड्स ऐंड हिल्स' तथा 'एलायंस फार रिवर्स इन इंडिया' आदि संगठनों के प्रमुख एवं उनसे जुड़े कार्यकताओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए राजनेताओं की जवाबदेही हेतु एक अभियान शुरू किया है। इसका प्रमुख मुद्दा है कि पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संतुलन बनाये रखने हेतु राजनैतिक दल अपने घोषणा पत्रों में इसका उल्लेख करें। इस संदर्भ में सभी दलों को पत्र भी लिया गया है। पर्यावरण के बिगड़े और लगातार बिगड़ते हालातों को देखते हुए अब यह जरूरी हो गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाग ले रहे प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्रों की पर्यावरण समस्याए एवं उनके समाधान के प्रयासों की जानकारी घोषणा पत्रों में दें।

## भारत की आत्मा को बचाने के लिए करना होगा संघर्ष

- जगदीश रत्तनानी

26 नवंबर, 1949 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इन भावनाओं को प्रतिध्वनित किया- 'यदि चुने गए लोग सक्षम, चरित्रवान और सत्यनिष्ठ व्यक्ति हैं तो वे एक दोषपूर्ण संविधान को भी सर्वोत्तम बनाने में भी सक्षम होंगे। यदि उनमें इन गुणों का अभाव है तो संविधान देश की कोई मदद नहीं कर सकता। आखिरकार संविधान एक मशीन की तरह निर्जीव वस्तु है। यह उन लोगों के कारण जीवन प्राप्त करता है जो इसे नियंत्रित करते हैं और इसे संचालित करते हैं। भारत को ईमानदार लोगों के एक समूह से ज्यादा कुछ नहीं चाहिए जिनके सामने देश का हित होगा।

जवाहरलाल नेहरू ने कहा था-'जब दुनिया सोएगी, भारत प्रकाश और स्वतंत्रता के लिए जागेगा'। 15 अगस्त, 1947 के उस महत्वपूर्ण अवसर के 75 से अधिक वर्षों में जब हमें इस बात का जश्न मनाना चाहिए कि कैसे उस प्रकाश और स्वतंत्रता ने हमें पोषित किया तथा हमें एक ऐसे राष्ट्र का गौरवशाली नागरिक बनाया जो उन मूल्यों पर खड़ा है जिन्हें हम संजोना चाहते हैं, तब भारत एक बहुत ही अलग दौर में चला गया है। यह पीड़ादायक है और वर्तमान समय में यह कहना अनुचित नहीं होगा कि उस सपने पर अंधेरा उतर रहा है क्योंकि स्वतंत्रता को लूटा जा रहा है, लोकतंत्र को कुचला जा रहा है और भारत एक पतन के मार्ग पर जा रहा है।

यह पतन अचानक नहीं हो रहा है। यह कुछ समय से संस्थानों, प्रमुख व्यक्तियों और एजेंसियों पर बढ़ते कब्जे के रूप में सामने आ रहा है जिसमें सभी को एक तरह से या किसी अन्य रूप में एक सोच, एक पार्टी और एक विचारधारा के सामने झुकने के लिए मजबूर किया जा रहा है। अधिक स्थानों पर कब्जा करने की तलाश जारी है। यह एक पार्टी द्वारा निर्मित एक बड़ी और अच्छी तरह से पोषित-प्रशिक्षित प्रचार मशीन द्वारा संचालित है जो हर विपक्ष को नजर और दिमाग से बाहर चाहता है। इसमें आक्रमण के सभी संकेत हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी एक ऐसी एजेंसी द्वारा की गई है जिसका विश्वसनीयता मूल्य शून्य है और जो सरकार की दासी की तरह काम करती है। जो सभी संभावनाओं और अर्थों में सत्तारूढ़ पार्टी के राजनीतिक एजेंडे पर बिकी हुई होती है। यह केवल एक उदाहरण है कि उस एक पार्टी को सत्ता में रखने और अन्य सभी को बदनाम करने के लिए कितना दबाव डाला जा रहा है। वर्तमान स्थितियों में यह देखना मुश्किल है कि 2024 में निष्पक्ष चुनाव कैसे लड़ा जा सकता है। राष्ट्रीय मनोदशा को एक कार्टून द्वारा अच्छी तरह से अभिव्यक्त किया गया था जिसमें मैदान में दौड़ के समय सिर्फ सरकार का पदाधिकारी दौड़ रहा है और दौड़ में शामिल अन्य सभी को बंधा हुआ दिखाया गया था और फिर मजाक में एक सवाल पूछा गया है कि 'कौन जीत रहा है?' इस स्तर पर सभी बाजियां बंद हैं। हम बफीर्ले पानी में हैं। हम अभी भी सुरक्षित रूप से तट पर पहुंच सकते हैं लेकिन हाइपोथर्मिया होने का खतरा अधिक है।

नेहरू ने हमें बताया था- 'लेकिन इतिहास में कभी न कभी एक पल आता है, जरूर आता है,जब हम पुराने से नए की ओर कदम बढ़ाते हैं, जब एक युग समाप्त होता है और जब लंबे समय से दमित राष्ट्र की आत्मा को अभिव्यक्ति मिलती है।' आज हम वह पंक्ति इस प्रकार पढ़ सकते हैं- 'लेकिन इतिहास में शायद ही कभी एक क्षण आता है, जो आता है, जब हम नए से पीछे हटते हैं और अंधेरे युग में डूब जाते हैं और जब एक राष्ट्र की आत्मा, जिसे अंततः अभिव्यक्ति मिली होती है, एक बार फिर से दब जाती है।' हम नहीं जानते कि यह आत्मा जिसे यातना दी गई है, पीड़ित है, कुचली हुई है, उस एक दिन के लिए कैसे रुकी रहेगी जब भारत फिर से फल-फूल सकता है और संविधान के मूल्यों और भावना को पुनः प्राप्त कर सकता है।

वह संविधान जो कि कितना भी अच्छा दस्तावेज हो लेकिन अंततः उन लोगों की प्रतिबद्धता पर निर्भर करता है जो इसकी रक्षा के लिए हैं।

ये खतरे हमेशा वहां थे और वास्तव में ढेर सारे शब्दों में व्यक्त किए गए थे। संविधान सभा में संविधान पारित करने से एक दिन पहले 25 नवंबर, 1949 को भाषण देते हुए डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने चेतावनी दी थी- 'संविधान कितना भी अच्छा हो सकता है लेकिन जिन्हें इन पर अमल करने के लिए चुना जाता है यदि वे बुरे होते हैं तो वह निश्चित रूप से बुरा होगा.., राज्य के अंगों का कामकाज वे कारक हैं जिन पर लोग और राजनीतिक दल बैठते हैं जिन्हें वे अपनी इच्छाओं और अपनी राजनीति को पूरा करने के लिए अपने उपकरण के रूप में उपयोग में लाएंगे। यह कौन बता सकता है कि भारत की जनता तथा उनके राजनीतिक दल किस तरह आचरण करेंगे?'

अगले दिन, 26 नवंबर, 1949 को डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इन भावनाओं को प्रतिध्वनित किया- 'यदि चुने गए लोग सक्षम, चरित्रवान और सत्यनिष्ठ व्यक्ति हैं तो वे एक दोषपूर्ण संविधान को भी सर्वोत्तम बनाने में भी सक्षम होंगे। यदि उनमें इन गुणों का अभाव है तो संविधान देश की कोई मदद नहीं कर सकता। आखिरकार संविधान एक मशीन की तरह निर्जीव वस्तु है। यह उन लोगों के कारण जीवन प्राप्त करता है जो इसे नियंत्रित करते हैं और इसे संचालित करते हैं। भारत को ईमानदार लोगों के एक समूह से ज्यादा कुछ नहीं चाहिए जिनके सामने देश का हित होगा। इसके लिए मजबूत चरित्र वाले, दूरदर्शी लोगों की आवश्यकता है, जो देश के हितों का त्याग नहीं करेंगे और जो पूर्वाग्रहों से ऊपर रहेंगे।'

# कोलों की जमीन रातोंरात श्रेणी एक में दर्ज करा भू-माफिया हो रहे मालामाल

## 80 बीघे खरीदकर दो सौ बीघे में है अवैध कब्जा, जंगल की जमीन भी हडप ली

### जो जमीन ली है, वह पाकसाफ है: विवेक अग्रवाल

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के टिकरिया गांव में अनुसूचित जाति के लोगों की पट्टे की श्रेणी दो-तीन की जमीनों को रातोंरात श्रेणी एक में दर्ज कराकर भू-माफिया धडल्ले से खरीद रहे हैं। प्रशासन भी भू-माफियाओं के सहयोग में खडा नजर आ रहा है। अनुसूचित जाति के लोगों की जमीनों का एग्रीमेन्ट कराकर उन्हें लालच देकर औने-पौने दाम में भू-माफिया खरीदकर मालामाल होने का सपना संजोये है।

ये खुलासा शनिवार को तहसील मानिकपुर के टिकरिया गांव के अमर त्रिपाठी ने किया है। उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री व अन्य उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा कि टिकरिया गांव के अनुसूचित जाति के लोगों की पट्टे की श्रेणी दो-तीन की जमीनों को रातोंरात श्रेणी एक में दर्ज करवाकर भू-माफिया जमीन खरीद रहे हैं। कर्वी के भू-माफिया ने 80 बीघा जमीन खरीदकर लगभग दो सौ बीघा में अवैध ढंग से कब्जा कर लिया है। वन विभाग की जमीन भी भू-माफिया ने हडप ली है। उसके इशारे पर स्थानीय प्रशासन व



आदिवासियों की जमीन पर अवैध कब्जा।

लेखपाल पानी भरते हैं। तत्काल अनुसूचित जाति के लोगों की जमीनों को भी भू-माफिया की जमीन में शामिल कर नाप दी गई है। अनुसूचित जाति के लोगों की जमीनें नहीं नापी जा रहीं।

इलाके का लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता भू-माफिया से मिला है। वह भू-माफिया को पांच बीघे जमीन खरिदवाकर दस बीघा में कब्जा दिला रहा है। इसी तरह से गेंदा कोल व जयराम कोल की जमीनों पर लेखपाल ने अवैध कब्जा करा दिया है। भू-माफिया की जमीनों की देखरेख करने वाले सुभाष दबंगई से कहता है कि 80 बीघे के स्थान पर दो सौ बीघा में कब्जा किये हैं, जिसे जो करना हो, कर लें। लेखपाल भू-माफिया की बडी-बडी लग्जरी गाडियों में ऐश करता है। सुविधा शुल्क लेकर आदिवासियों की न सुनकर भू-माफिया के इशारे पर काम करता है। भू-माफिया से उसे हर तरह की सुविधा मिल रही है। ग्रामीण अमर त्रिपाठी ने सूबे के मुख्यमंत्री से मांग किया है कि आदिवासियों की जमीनों की नाप करवा दी जाये, तो भू-माफिया के होश ठिकाने आ जायेंगे। इस बारे में कर्वी के विवेक अग्रवाल ने कहा कि जो जमीन उन्होंने ली है, मुख्यमंत्री के टाइगर रिजर्व बन रहा है, वह जमीन कानूनगो, लेखपाल व तहसीलदार ने नाप कर दी है। जमीन पाकसाफ है। कोई क्या कहता है, उन्हें इससे कोई वास्ता नहीं है। इस बारे में एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा से प्रयास के बाद भी बात नहीं हो सकी।

# जिला जज ने बाल अपचारियों के जाने हाल



सम्प्रेक्षण गृह देखते जिला जज आदि।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनपद न्यायाधीश ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का औचक निरीक्षण कर बाल अपचारियों से उनकी समस्यायें पूंछी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव/अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने जिला जज को सम्प्रेक्षण गृह के किशोर अपचारियों की बनायी पेंटिग दिखाई। शनिवार को जिला जज ने बाल अपचारियों की उत्कृष्ट पेटिंग देख उन्हें प्रोत्साहित किया। जनपद न्यायाधीश ने बाल अपचारी अखिलेश कुमार को देखा। स्वास्थ्य ठीक न होने से समुचित इलाज बाबत निर्देश दिये। इस मौके पर सीजेएम सूर्यकान्त धर दुबे, सुश्री प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंजलिका प्रियदर्शिनी, एसडीएम सौरभ यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, संस्था प्रभारी वीर सिंह, डा नरेन्द्र पटेल, शिवशंकर त्रिपाठी, सदस्य किशोर न्यायबोर्ड अर्चना श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो को तमंचा-कारतूस समेत दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से तमंचे व कारतूस समेत गिरफ्तार किया है।

शनिवार को पहाडी थाने के दरोगा त्रिलोकीनाथ मिश्र ने दीवान कृष्णपाल सिंह व सिपाही नवीन कुमार के साथ अभिराज सिंह पुत्र उदयवीर सिंह अगरहुण्डा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

थाना रैपुरा के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व दो कारतूस समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के ही दरोगा विपिन कुमार मिश्रा ने सिपाही विनोद कुमार के साथ करन प्रसाद पुत्र चुनबाद चुनहा पुरवा कोतवाली कर्वी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व दो कारतूस समेत गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ पहाडी थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# बालू माफिया मस्त, योगी सरकार पस्त

## एनजीटी नियमों के विपरीत बालू माफियाओं ने मोड दी बागे की धारा

### भारी-भरकम मशीनों से नदी का सीना कर रहे छलनी, जलीय जीव-जंतु तोड़ रहे दम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे की योगी सरकार अवैध खनन को काबू करने के कितने भी दावे क्यों न करे, जिले में ये सारे दावे खोखले है। जिले की बागे नदी की धारा को दबंग बालू माफियाओं ने स्वार्थ सिद्धि को मोड दिया है। दिन-रात पोकलैंड व बड़ी-बड़ी जेसीबी मशीनों से अवैध बालू खनन कर नदी का सीना छलनी किया जा रहा है।

ये सब कारगुजारी सरधुवा थाने के बागे नदी के धौरहरा घाट में धडल्ले से हो रही है। बागे नदी के धौरहरा घाट में बालू माफिया नदी



नदी की धारा मोड हो रहा अवैध खनन।

के बीच घुसकर अवैध खनन कर ओवरलोडिंग करते हैं। भारी-भरकम मशीन नदी की बीच धारा में ले जाकर धारा को मोडकर बालू निकाल रहे हैं। माफियाओं की ये गतिविधि एनजीटी नियमों के विपरीत है। दिन-रात बेखौफी से अवैध खनन कर बालू निकाली जा रही है। जिले के बागे नदी के धौरहरा घाट से अवैध ढंग से बालू निकालने का सिलसिला खनन पट्टा होते ही शुरु हो गया है। बताते हैं कि बालू माफिया बालू कहीं से निकालते हैं और परमिट कहीं और का है। इसी तर्ज पर सीमा से अधिक नदी बीच धारा में अवैध बालू खनन हो रहा है। इससे जाहिर है बालू माफियाओं व खनिज विभाग, पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग से मिलीभगत है।

ग्रामीणों के अनुसार सीमा से बाहर जाकर अवैध बालू खनन हो रहा है। नदी की धारा मोडकर खनन की सख्त मनाही है। इसके बाद भी बालू माफिया अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। बालू माफियाओं की ये हरकतें अवैध खनन से जलीय जीव-जंतुओं को भारी क्षति पहुंचा रही हैं। मौजूदा समय में बागे नदी के जलीय जीव-जंतु लगातार दम तोड़ रहे हैं। पट्टाधारक व गुर्गों ने इन दिनों नदी की धारा के बीच अवैध ढंग से बालू निकालने में जुटे हैं। बालू माफिया और प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से राज्य सरकार के राजस्व को भारी क्षति हो रही है। बुलडोजर बाबा का बुलडोजर बालू माफियाओं के भ्रष्ट रवैये पर कब गरजेगा या बागे नदी का सीना छलनी होता रहेगा। जिला प्रशासन ने माफियाओं को बचाने को छोटा-मोटा जुर्माना कर खानापूरी कर लेते हैं। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का अब भय समाप्त होता जा रहा है।

# लोस चुनाव में कोई गडबडी नहीं होगी बर्दाश्तः डीएम

### डीएम-एसपी ने देखे असुरक्षित बूथ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मऊ क्षेत्र के असुरक्षित बूथों प्राथमिक विद्यालय कल्चिहा, प्राथमिक विद्यालय बरगढ़ प्रथम, कंपोजिट विद्यालय हरदी कला, कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय खप्टिहा, इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय खन्डेहा का निरीक्षण किया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों के निरीक्षण दौरान कहा कि स्कूलों की दीवारों पर पेंटिंग





असुरक्षित बूथ देखते डीएम-एसपी।

कर बूथ संख्या, बूथ लेवल अधिकारी का बोर्ड लगायें। प्रधानों को निर्देश दिये कि पानी, बिजली, प्रकाश, छाया की व्यवस्था अच्छे से करायें। मृतक वोटरों के सूची से नाम हटायें। उन्होंने मतदाताओं से समस्या बाबत पूंछा। निर्देश दिये कि शांतिपूर्ण चुनाव करायें। एसडीएम मऊ को निर्देश दिये कि जिन स्कूलों में रैंप नहीं है, रैंप भी बनवायें। बूथ लेवल अधिकारी अनुज कुमार प्राथमिक विद्यालय बरगढ़ प्रथम को जेंडर रेशियों बढ़ाने को सम्मानित करें। जिलाधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारी को निर्देश दिये कि हर घर पर्ची बटनी चाहिए। किसी के भरोसे न छोड़े। खन्डेहा पंचायत भवन में चैपाल लगाकर जनता की समस्यायें सुनी। कहा कि कोई समस्या है तो उसे बतायें। निर्भीक होकर मतदान करें। चुनाव में कोई विघ्न डालता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कोई डराता व धमकाता है तो उसे चिन्हित करें।

जिलाधिकारी ने लोकसभा चुनाव बाबत कहा कि असुरक्षित स्थलों पर प्रशासन खासतौर पर ध्यान दे रहा है। उसी को लेकर जिले में 32 असुरक्षित मतदेय स्थल चिन्हित किये हैं। मतदाताओं को प्रशासन चिन्हित कर रहा है, जो चुनाव में खलल पैदा कर सकते हैं। मतदान के वक्त केंद्र पर वोट डालने की प्रक्रिया प्रभावित न हो। मतदाता स्वतंत्रता से वोट डाल सकें। प्रशासन प्राथमिकता पर कार्य कर रहा है। जिले में चिन्हित असुरक्षित मतदाता केंद्रो पर वेब कास्टिंग व वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त के कडे निर्देश हैं कि चुनाव सुचिता व शांतिपूर्ण होने चाहिए। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी। इस मौके पर एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, सीओ जयकरण सिंह, थाना प्रभारी बरगढ़ राकेश मौर्य, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी समेत प्रधान व बूथ लेवल अधिकारी मौजूद रहे।

# बेरोकटोक गुजरती है चोरी की बालू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाना क्षेत्र के बारामाफी, कादरगंज, मकरी व रेहुंटा आदि गांवों में अवैध खनन की मोरम बालू मनमानी ढंग से आपूर्ति की जा रही है। थाना प्रभारी की मिलीभगत से खनन माफिया अवैध खनन कर रहे हैं। बरगदहा घाट उतरवां बदौसा बांदा से अवैध खनन कर बालू माफिया बालू की आपूर्ति कर रहे हैं।

अवैध खनन का खुलासा शनिवार को हुआ। बताया गया कि श्रीराम यादव पुत्र महावीर यादव निवासी खेर मजरा रेहुंटा पहाड़ी थाना की मिलीभगत से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर थाना क्षेत्र से बेरोकटोक निकालते हैं। हल्का इंचार्ज की भूमिका संदिग्ध बतायी गई है। थाना प्रभारी के दबाव में खनन माफिया श्रीराम यादव के तीन ट्रैक्टरों से चोरी की बालू आपूर्ति की जा रही है। एक मैसी ट्रैक्टर व दो महिन्द्रा ट्रैक्टर से पूरी रात चोरी की बालू की ढुलाई होती है। आचार संहिता लागू होने के बाद हालात बेकाबू हो गये हैं। बिना भय के चोरी की बालू लदे ट्रैक्टर बेरोकटोक थाना क्षेत्र से गुजरते हैं। जिला प्रशासन कब खनिज माफियाओं पर शिकंजा कसेगा।

## एक को खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय का घेराव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने ऐलान किया है कि मार्च माह के वेतन वेरियेशन जमा न करने से समय से वेतन न मिलने से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सभी खंड शिक्षाधिकारी कार्यालयों का घेराव एक अप्रैल को अपरान्ह ढाई बजे करेगा। चेताया कि घेराव सभी ब्लॉक अध्यक्षों की अगुवाई में ब्लॉक इकाई सम्बंधित ब्लॉक के खण्ड शिक्षाधकारी कार्यालय मे किया जायेगा। जिला कार्य समिति, संघर्ष समिति व महिला मोर्चा पदाधिकारी अपने सम्बंधित ब्लॉक में हिस्सा लेंगे।

# सीआईसी में सौरभ ने गृह परीक्षा में किया टॉप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में गृह परीक्षाओं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित हुआ। परीक्षा परिणाम 88.95 फीसदी रहा। पूरे विद्यालय में कक्षा नौ के छात्र सौरभ विश्वकर्मा ने कॉलेज टाप किया।

शनिवार को इंटर व्यावसायिक वर्ग में छात्रा रंजना सिंह ने सर्वाधिक अंक पाकर टॉप किया है। दूसरा स्थान आरती को मिला, तीसरा प्रदीप यादव व विकास कुमार को मिला। कक्षावार प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने सभी टॉपर्स को प्रशस्ति पत्र व रिजल्ट कार्ड तथा नकद पुरस्कार से सम्मानित किया है। प्रधानाचार्य ने कहा कि जो छात्र-छात्रायें अच्छे अंकों से पास हुए हैं, उन्हें बधाई देते हुए कहा कि जो किन्हीं कारणों से पीछे रह गए हैं, वे निराश न हों। अगले शैक्षिक सत्र में मनोयोग से पढ़ाई करें और अच्छे अंक लाकर नाम रोशन करें। शिक्षा ही वह सीढ़ी है, जो व्यक्ति को लक्ष्य तक पहुंचा सकती है। कठिन परिश्रम से पढ़ाई की जरूरत है। जो छात्र-छात्रायें गृह परीक्षा में अपनी कक्षाओं में अलग-अलग टॉप किये है, वह खूब मेहनत से पढ़ाई करें, ताकि आगामी बोर्ड परीक्षा में यूपी की मेरिट में आ सकें। विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस मौके पर मुख्य अनुशासन



श्रेष्ठ छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य।

अधिकारी फूलचंद्र चंद्रवंशी, डॉ रमेश सिंह चंदेल, ऋषि कुमार शुक्ला, वीरेंद्र शुक्ला, विवेक तिवारी, रामगोपाल दुबे, सतीश रैकवार, विजय कुमार पांडेय, जयशंकर प्रसाद ओझा, सुनील शुक्ला, रामबचन सिंह, शंकर प्रसाद यादव, कुंवर प्रताप सिंह, डॉ आलोक कुमार शुक्ला, तीरथ प्रसाद, शक्ति प्रताप सिंह सेंगर, प्रदीप शुक्ला, रमेश कुमार, पुष्पेंद्र, रामशरण, पवन आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वारंटी/वांछित की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने छेडछाड व जान से मारने की धमकी के वारंटी पंचू पासी पुत्र भजनिया पासी टिकरा टोला को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा इंद्रजीत गौतम व सिपाही राहुल पांडेय शामिल रहे।

# एसपी के निर्देश पर 13 पर हुआ गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले 13 लोगों पर गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। शनिवार को प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने रामप्रकाश उर्फ आरपी सिंह पुत्र रामकिशुन, चुनवाद पुत्र ददुआ, अशोक पुत्र चुनकूराम निवासी साहबतारा, शिवसेवक पुत्र रामबालक खोपा, त्रिलोक पुत्र जयचन्द्र देवारी, राममिलन पुत्र देशराज बड़हर पुरवा मजरा सुरवल, चन्द्रभान पुत्र कामता बरद्वारा के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। इसी क्रम में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बलजीत कुमार पुत्र रंजीत कुमार द्वारिकापुरी, पुष्पराज सिंह उर्फ राजू सिंह पुत्र त्रिभुवन चकजाफर, छोटू पुत्र ननकू बनवारीपुर, प्रदीप जायसवाल पुत्र प्रेमचन्द्र कोलगदहिया, सुशील कुशवाहा पुत्र देवीदान कपसेठी के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने मनोज कुमार रैदास पुत्र कामता प्रसाद रैदास कस्बा पहाड़ी के खिलाफ गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। ये कार्यवाही लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई है।

# गौकशी में पांच दबोचे, तमंचे-कारतूस-गौवध के औजार बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मानिकपुर थाना पुलिस ने पांच लोगों को दबोचकर गौकशी का खुलासा किया है। आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, चार कारतूस और गौवध के औजार बरामद किये हैं।

शनिवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने बताया कि सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में पुलिस ने असलम पुत्र मुस्ताक मानिकपुर ग्रामीण, मो हनीफ उर्फ राजू खान पुत्र हबीब खान शिवनगर, सादिक खान पुत्र स्व कल्लू बरुवा सेहुडा थाना नरैनी जिला बांदा हाल पता मानिकपुर ग्रामीण, मकबूल पुत्र सगीर अहमद निवासी परई उग्रसेनपुर थाना पश्चिम शरीरा जिला कौशम्बी व सुलेमान पुत्र अली हसन निवासी सिंहपुर थाना बिसंडा जिला बांदा को झर्री फाटक से दबोचकर इनके कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, चार कारतूस,



पुलिस गिरफ्त में आरोपियों के बारे में बताते एएसपी।

चार चापड़, दो चाकू, लकड़ी का बोटा बरामद किया है।

उन्होंने बताया कि 29 मार्च को शिवनरेश पुत्र रामप्रसाद मानिकपुर ग्रामीण ने थाने में सूचना दी कि असलम आदि ने उसकी गाय को काट डाला है। पुलिस ने गौवध निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। कल शाम पौने छह बजे झर्री फाटक से उपरोक्त को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में आज 11.30 बजे मुखबिर की सूचना पर हनुवा फाटक से अन्य आरोपी भी दबोचे। मानिकपुर थाने का गौकशी का ये पहला मामला है। टीम में प्रभारी निरीक्षक मानकिपुर श्रीमती रीता सिंह, दरोगा राजोल नागर, दरोगा मुकेश परिहार, चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह, सिपाही गजेन्द्र सिंह, दीपक कुमार, दीपेश कुमार, मनोज कुमार, अनुज कुमार, अजीजुद्दीन, अमित कुमार द्विवेदी शामिल रहे।

## आठ किलो गांजा समेत युवक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के मद्देनजर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा कन्हैया बक्श, दरोगा इमरान खान की टीम ने राजेश द्विवेदी पुत्र रामसजीवन द्विवेदी निवासी रामपुर थाना सरधुवा के कब्जे से आठ किलो गांजा व बिना नम्बर की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया। ये बरामदगी शनिवार को राजापुर पुलिस ने की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्जकर बिना नम्बर प्लेट की मोटरबाइक को एमवी एक्ट के तहत सीज किया। टीम में दरोगा कन्हैया बक्श, दरोगा इमरान खान, सिपाही अजय मिश्रा व शुभम मिश्रा शामिल रहे।

# बांग्लादेश के चार युवकों का लीबिया में अपहरण, फिरौती मांगी गई



**ढाका।** बांग्लादेश के चार युवकों का लीबिया में अपहरण कर लिया गया है। अपहताओं ने इनके परिवारों से प्रति युवक 10 लाख टका की फिरौती मांगी है। अगवा किए गए युवकों में 19 वर्षीय बोरहान उद्दीन, 19 वर्षीय जाबेदुर रहीम, 20 वर्षीय नईम उद्दीन और 22 वर्षीय मोहम्मद वसीम शामिल हैं। चारों चटगांव के अनवारा उपजिला रायपुर यूनियन के रहने वाले हैं। यह जानकारी ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट में दी गई है। पीड़ित परिजनों का कहना है कि इनको फरवरी में इलाके के जहीरुल इस्लाम की मदद से लीबिया भेजा गया था। जहीरुल ने चारों को लीबिया के एक अस्पताल में अच्छी तनख्वाह की नौकरी दिलाने का वादा किया था। इसके लिए प्रत्येक से 430,000 टका का शुल्क लिया। चारों 16 फरवरी को लीबिया के लिए घर से निकले।

अगवा किए गए बोरहान के भाई साहब उद्दीन का कहना है कि बिचौलिया जहीरुल पहले मेरे भाई और तीन अन्य लोगों को पर्यटक वीजा पर दुबई ले गया। वहां पहुंचकर उसने उन्हें जॉयपुरहाट निवासी मोहम्मद मिजान को सौंप दिया। मिजान ने उनके पासपोर्ट छीन लिए और एक हफ्ते बाद उन्हें मानव तस्कर को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि जहीरुल अपराध गिरोह का सदस्य है और अगर उसे गिरफ्तार किया जाता है, तो सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। जाबेदुर के पिता अब्दुर रहीम ने कहा कि अपहरणकर्ता लीबिया में चारों पर अत्याचार कर रहे हैं। अपहरणकताओं ने मंगलवार को यातना के वीडियो और ऑडियो क्लिप भेजे हैं। एक वीडियो संदेश में उन्होंने प्रत्येक के लिए 10 लाख टका की फिरौती मांगी है। इसके लिए कॉक्स बाजार में एक निजी बैंक का खाता नंबर दिया गया है। फिरौती नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी है।

## नेपाल में हिंदू राष्ट्र के आंदोलन को भारत से जोड़कर देखना ठीक नहीं: राम माधव

**काठमांडू।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव एवं इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष राम माधव ने कहा है कि नेपाल में पिछले कुछ दिनों से हिंदू राष्ट्र के समर्थन में चल रहे आंदोलन को भारत के साथ जोड़कर देखना ठीक नहीं है।

नेपाल भारत अंतरराष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राम माधव ने शनिवार को कहा कि नेपाल के कुछ राजनीतिक दल अपना राजनीतिक स्वार्थ पूरा करने के लिए हिंदू राष्ट्र के आंदोलन के पीछे भारत की योजना देख रहे हैं, जबकि इसमें भारत की कोई योजना नहीं है। नेपाल में क्या होना है, कैसे होना है और कब होना है, यह नेपाल की जनता तय करेगी। भारत नेपाली जनता के फैसले के पक्ष में हमेशा से रहा है और आगे भी रहेगा।

नीति अनुसंधान प्रतिष्ठान नेपाल और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के साथ इंडिया फाउंडेशन की तरफ से आयोजित सम्मेलन में राम माधव ने कहा कि नेपाल एक लोकतांत्रिक देश है। नेपाल में कैसी शासन व्यवस्था होगी यह नेपाल की जनता तय करेगी। भारत इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा। यदि नेपाल चाहेगा तो भारत उसके सहयोग के लिए हमेशा तैयार है।

संस्कृत को नेपाल भारत की साझा विरासत बताते हुए राम माधव ने कहा कि इस पर दोनों देशों को मिलकर काम करने की जरूरत है। नेपाल और भारत के बीच साझा सभ्यता, साझा संस्कृति और साझी भाषा के लिए संयुक्त रूप से मिल कर काम करना चाहिए। उन्होंने यूरोप का उदाहरण देते हुए कहा कि कई साझा मुद्दों पर यूरोप के 26-27 देश मिल कर अपनी समस्या का समाधान करते हैं। इसी तरह नेपाल और भारत को साझा मुद्दों पर काम करना चाहिए।

## सीरिया और लेबनान में इजराइल के हवाई हमले में 36 सैन्यकर्मियों सहित 44 की मौत

**यरुशलम।** इजरायल ने शुक्रवार को सीरिया और लेबनान के खिलाफ अबतक का सबसे बड़े हवाई हमला किया है जिसमें 36 सैन्यकर्मियों समेत 44 लोगों की मौत हो गई है। यह हमला गाजा युद्ध के शुरू होने के साढ़े पांच महीनों के दौरान हुआ।

सीरिया की राजधानी दमिश्क और अलेप्पो प्रांत में किए इजराइली हवाई हमलों में 44 लोग मारे गए हैं, जिनमें 36 सैन्यकर्मी हैं। जबकि लेबनान के बाजौरिया इलाके में लेबनानी हिजबुल्लाह का वरिष्ठ कमांडर मारा गया।

रूस ने सीरिया पर इजराइली हमलों की निंदा की है और इसे सीरिया की संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। कहा कि इस तरह के हमलों का खतरनाक दुष्परिणाम हो सकता है। इजराइली सेना ने कहा है कि हिजबुल्लाह की राकेट और मिसाइल यूनिट का उप प्रमुख अली आबेद अख्सान हवाई हमले में मारा गया है। बताया है कि अली आबेद हिजबुल्लाह के घातक रॉकेटों को संचालित करने का कार्य करता था और वह इजराइली क्षेत्र में हमलों के लिए जिम्मेदार था।

इजराइली हमले में छह अन्य लोगों के मारे जाने की भी सूचना है। बीते साढ़े पांच महीनों में हिजबुल्लाह के हमलों में 12 इजराइली सैनिक और छह इजराइली नागरिक मारे जा चुके हैं, जबकि इजराइल के हमलों में हिजबुल्लाह के 270 लड़ाके और 50 नागरिक मारे गए हैं।

विदित हो कि हिजबुल्लाह को ईरान का समर्थन प्राप्त है जबकि ईरान सीरिया के जरिये गाजा में हमास के लड़ाकों की मदद करता है। गाजा पट्टी में भी कई स्थानों पर इजरायली विमानों ने बमबारी की। इन हमलों में दर्जनों लोग मारे गए हैं।

गाजा सिटी और मध्य गाजा के इलाकों में इजरायली सेना की जमीनी कार्रवाई जारी है। गाजा सिटी के पूर्वी भाग में 17 लोगों के मारे जाने की सूचना है। एक अन्य स्थान पर 10 पुलिसकर्मी मारे गए हैं। ताजा हमलों में मारे गए लोगों समेत गाजा में मरने वालों की कुल संख्या 32,623 हो गई है।

## शी जिनपिंग ने सेनेगल के नव निर्वाचित राष्ट्रपति को दी बधाई

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 28 मार्च को बस्सिरौ दिओमाये फेय को फोन किया और उन्हें सेनेगल गणराज्य का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर बधाई दी।

शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और सेनेगल के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद से, दोनों देशों के बीच राजनीतिक आपसी विश्वास लगातार मजबूत हुआ है, व्यावहारिक सहयोग के समृद्ध परिणाम मिले हैं, और दोनों देशों ने अंतर्राष्ट्रीय मामलों में घनिष्ठ सहयोग किया है। चीन-अफ्रीका सहयोग मंच के सह-अध्यक्ष देश के रूप में दोनों पक्ष इस वर्ष संयुक्त रूप से चीन में चीन-अफ्रीका सहयोग मंच के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे।

जिनपिंग ने कहा, "मैं चीन-सेनेगल संबंधों के विकास को बहुत महत्व देता हूं और एक-दूसरे का समर्थन करने, एकजुट होकर सहयोग करने, संयुक्त रूप से चीन-अफ्रीका सहयोग शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन करने, चीन-सेनेगल और चीन-अफ्रीका संबंधों के निरंतर विकास को बढ़ावा देने और दोनों देशों के लोगों को बेहतर लाभ पहुंचाने के लिए राष्ट्रपति फेय के साथ काम करने को तैयार हूं।"

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# चार करोड़ की कोकीन पेट में छिपाकर ब्राजील से काठमांडू पहुंचे दो लोग गिरफ्तार

**काठमांडू।** ब्राजील से काठमांडू पहुंचे दो लोगों को पुलिस ने चार करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। यह कोकीन ये दोनों आरोपित अपने पेट में छिपा कर लाए थे।

नेपाल पुलिस के नारकोटिक्स विभाग ने काठमांडू के ठमेल में एक होटल में छापा मार कर एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। उनके पास से करीब डेढ़ किलो कोकीन बरामद की गई है। नारकोटिक्स विभाग के एसएसपी गोविन्द थपलिया ने बताया कि पकड़े गए दोनों लोग ये कोकीन कैप्सूल की शक्ल में अपने पेट में छिपाकर लाए थे। पुलिस जिस समय होटल में छापा मारने गई उस समय इनमें से एक व्यक्ति शौचालय में बैठ कर पेट में छिपा कर लाए गए कोकीन के कैप्सूल को निकाल रहा था। एसएसपी ने बताया कि उन दोनों के पेट से करीब डेढ़ किलो कोकीन के कैप्सूल निकाले गए हैं। उन्होंने बताया कि इनके पेट में और अधिक कैप्सूल होने की आशंका में इन दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पकड़े गए कोकीन की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब चार करोड़ 36 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। नारकोटिक्स विभाग ने बताया कि पकड़े गए ब्राजीलियन नागरिकों की पहचान लारिसन ब्रिटो डोस सानटोस और फरनान्डा डोस सानटोस के रूप में हुई है। ये दोनों ही ब्राजील के साओपाउलो से कोकीन लेकर काठमांडू तक पहुंचे थे। एसएसपी थपलिया ने बताया कि ये सभी 23 मार्च को ब्राजील से चले थे और 26 मार्च को काठमांडू पहुंचे थे। पुलिस को पहले ही इन पर शंका होने के कारण एयरपोर्ट से ही इनका पीछा किया जा रहा था। इन लोगों ने जो होटल पहले से बुक किया था, उसको कैंसिल कर के रास्ते में ही दूसरा होटल बुक किया। इनकी संदिग्ध गतिविधि के बाद 27 मार्च को इनको गिरफ्तार कर लिया गया था। आज 30 मार्च को नारकोटिक्स विभाग ने इन दोनों आरोपितों की इन करतूतों को सार्वजनिक किया है। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि नेपाल को ट्रांजिट बना कर आखिर ये कोकीन कहां तक पहुंचाने का उद्देश्य था। पुलिस को यह भी पता लगाना है कि पकड़े गए दोनों लोग खुद ही ड्रग्स डीलर थे या सिर्फ पैसों के लिए ये कूरियर का काम कर रहे थे।

# तुर्की के स्थानीय चुनाव तय करेंगे एदोर्वान और विपक्ष का भविष्य




तुर्की में 31 मार्च को नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान होना है. इसमें तुर्की के शहरों, प्रांतों और नगरपालिकों के मेयर और काउंसिलर चुने जाएंगे. इस चुनाव के नतीजे राष्ट्रीय राजनीति और एदोर्वान के भविष्य के लिए बेहद अहम हैं.

31 मार्च को तुर्की में हो रहे नगर निकाय चुनाव को देश के राजनीतिक भविष्य के रुझान की तरह देखा जा रहा है. राष्ट्रपति रेचप तैयप एदोर्वान और विपक्ष, दोनों के लिए यह चुनाव बेहद अहम है. एदोर्वान 2014 से तुर्की के राष्ट्रपति हैं. मई 2023 में हुए आम चुनाव में वह दोबारा जीतकर राष्ट्रपति बने. जीत के बाद दिए गए अपने भाषण में ही उन्होंने स्थानीय चुनावों का बिगुल बजा दिया था. एदोर्वान ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा था, "अब हमारे सामने 2024 है. क्या आप 2024 के स्थानीय चुनावों में इस्कुदार और इस्तांबुल, दोनों जीतने के लिए तैयार हैं?" इस्कुदार, इस्तांबुल का ही एक जिला है. यहीं एदोर्वान का घर भी है.

एदोर्वान के लिए इस्तांबुल निजी साख का भी सवाल

साल 2019 में देश भर में हुआ पिछला स्थानीय चुनाव एदोर्वान के लिए निराशाजनक रहा था. उनकी जस्टिस ऐंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) देश के तीन सबसे बड़े शहरों- इस्तांबुल, अंकारा और इजमीर में हार गई थी. इस्तांबुल हारना एदोर्वान के लिए बड़ा झटका था. करीब डेढ़ करोड़ की आबादी का यह शहर तुर्की की राजनीति में खासा अहम माना जाता है.

एदोर्वान इसी शहर में पैदा हुए. अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत उन्होंने इस्तांबुल से ही की. साल 1994 में तुर्की के पूर्व प्रधानमंत्री नेजमेट्टिन एरबाकां की वेलफेयर पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर एदोर्वान इस्तांबुल के मेयर चुने गए और 1998 तक इस पद पर रहे. इसके बाद 2003 में प्रधानमंत्री बनकर इस पद पर तीन कार्यकाल बिताने के बाद 2014 में वह देश के राष्ट्रपति बने. वह कई मौकों पर कह चुके हैं कि जो भी इस्तांबुल जीतता है, वो तुर्की को जीतता है.

एदोर्वान के लिए यह चुनाव अपनी राजनीतिक विरासत के संदर्भ में भी अहम है. अभी मार्च की शुरूआत में एदोर्वान ने कहा था कि ये स्थानीय चुनाव, आखिरी इलेक्शन होगा जिसमें वो शामिल होंगे. 8 मार्च को इस्तांबुल में एक बैठक के दौरान एदोर्वान ने कहा, "कानून के मुताबिक, यह मेरा आखिरी चुनाव होगा." तुर्की के संविधान में एक इंसान अधिकतम पांच-पांच साल के दो कार्यकाल तक राष्ट्रपति रह सकता है.

उन्होंने साफ कहा कि स्थानीय चुनाव के नतीजे राजनीतिक उत्तराधिकारी चुनने की उनकी योजना पर खासा असर डालेंगे. उन्होंने रेखांकित किया, "इस चुनाव का जो नतीजा आएगा, वो मेरे बाद आने वाले भाइयों के लिए विरासत का हस्तानांतरण होगा."

**इस्तांबुल जीतने की आर्थिक अहमियत**

इस्तांबुल देश का सबसे बड़ा आर्थिक और पर्यटन केंद्र है. देश के सकल घरेलू उत्पाद में इसकी हिस्सेदारी एक चौथाई से ज्यादा है. देश के 81 शहरों में सबसे ज्यादा बजट इस्तांबुल म्युनिसिपैलिटी के पास है. 2024 में इसका बजट करीब 1,650 करोड़ डॉलर का है. आर्थिक संसाधनों में अंकारा दूसरे नंबर पर है. चुनाव में जीतने वाली पार्टी को इन दोनों शहरों के प्रशासन और बजट पर नियंत्रण मिलता है.

इससे उन्हें योजनाओं के मद में फंड जारी करने, कॉन्ट्रैक्ट देने और रोजगार के अवसर पैदा करने जैसे अहम फैसलों में बढ़त मिलती है. इसके कारण राष्ट्रीय स्तर पर भी उनकी लोकप्रियता बढ़ती है.

**किनमें हो रहा है मुकाबला?**

एदोर्वान ने मूरत कुरूम को इस्तांबुल में मेयर पद का उम्मीदवार बनाया है. वह पूर्व पर्यावरण और शहरीकरण मंत्री हैं. 2023 में तुर्की में आए भीषण भूकंप के बाद राहत और बचाव कार्यों के संचालन में भी उनकी बड़ी भूमिका बताई जाती है.

कुरूम का मुकाबला देश के मुख्य विपक्षी दल रिपब्लिकन पीपल्स पार्टी (सीएचपी) है. सीएचपी के उम्मीदवार एकरेम इमामोग्लू इस्तांबुल के मौजूदा मेयर हैं. 2019 में उन्होंने सीएचपी और गुड पार्टी (आईवाईआई) के साथ गठबंधन में रहते हुए इस्तांबुल में जीत हासिल कर बड़ा उलटफेर किया था. हालांकि, इस बार सीएचपी और आईवाईआई अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं.

मई 2023 के राष्ट्रपति चुनाव में भी मुख्य विपक्षी प्रतिद्वंद्वी और सीएचपी के नेता कमाल कुरुचदारु को इस्तांबुल में एदोर्वान से ज्यादा वोट मिले. राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के जीतने की स्थिति में उपराष्ट्रपति पद के लिए इमामोग्लू के नाम की काफी चर्चा थी.

**एदोर्वान का विकल्प कौन**

एदोर्वान के मुकाबले इमामोग्लू विपक्ष का मुख्य विकल्प बनकर उभरे हैं. माना जा रहा है कि अगर इस बार भी इमामोग्लू चुनाव जीत जाते हैं, तो वह 2028 के राष्ट्रपति चुनाव में खड़े हो सकते हैं. यह जीत उनकी संभावनाएं बढ़ा देगी, लेकिन अगर वह हारते हैं, तो ये ना केवल उनके राजनीतिक भविष्य बल्कि विपक्ष की संभावनाओं को भी बड़ा झटका दे सकता है.

कई जानकार इस चुनाव में हार-जीत से तय होने वाले एक और गंभीर पक्ष की ओर ध्यान दिला रहे हैं. आशंका जताई जा रही है कि जीत की स्थिति में एदोर्वान नया संविधान लाने या संवैधानिक संशोधन के सहारे राष्ट्रपति पद के अधिकतम कार्यकाल की सीमा खत्म करने की कोशिश कर सकते हैं. कुछ-कुछ उसी तरह, जैसा पुतिन ने रूस में किया.

जन संपर्क कंपनी टेनेओ के उपाध्यक्ष वोल्फांगो पिक्कोली ने समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया, "राष्ट्रपति पद के अधिकतम कार्यकालों की सीमा को खत्म करने और न्यायिक स्वतंत्रता के बचे हुए पक्षों को हटाने के मद्देनजर एदोर्वान के नया संविधान लाने या संवैधानिक संशोधन करने के लक्ष्य के लिए भी यह चुनावी परीक्षा बहुत महत्वपूर्ण है."

**मतों की गिनती में चुनौतियों की आशंका**

मतों की गिनती में गड़बड़ी ना हो और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किए जा सकें, इसके लिए हजारों स्वयंसेवकों को निगरानी रखने का प्रशिक्षण दिया गया है. ज्यादातर स्वयंसेवकों की नियुक्ति स्वतंत्र समूह करते हैं. वोट और बियॉन्ड जैसे कुछ समूह करीब एक दशक से चुनावों की निगरानी करते आ रहे हैं. हर स्वयंसेवक को किसी एक पार्टी के हितों की देखरेख का जिम्मा सौंपा जाता है, लेकिन अक्सर ही ये स्वयंसेवक पार्टी के सदस्य नहीं होते. 62 साल की रिटायर हो चुकीं टीचर तूफान कलिस्कान ऐसी ही एक स्वयंसेवक हैं. उन्होंने समाचार एजेंसी एपी को बताया कि चुनाव निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से हों, यह सुनिश्चित करने की दिशा में वह वॉलंटियर कर रही हैं. उन्होंने कहा, "मैं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में योगदान देना चाहती हूं."

माना जा रहा है कि इस्तांबुल और अन्य बड़े शहरों में चुनावी मुकाबला करीबी रहेगा. ऐसे में कई पर्यवेक्षकों ने आशंका जताई है कि कुछ पार्टियों नतीजों से छेड़छाड़ की कोशिश कर सकती हैं और हारने वाले दल चुनावी गड़बड़ी के आरोप लगाकर नतीजों के प्रति संदेह पैदा कर सकते हैं।

## पाकिस्तान में हमले के बाद चीन ने दो और परियोजनाओं से खींचा हाथ

**पेशावर।** पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों की मौत के बाद चीन ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए तारबेला जलविद्युत परियोजना का काम रोकने के बाद चीनी निर्माण कंपनी ने दासू और डायमर-भाषा जल विद्युत परियोजनाओं का कार्य भी निलंबित कर दिया है।

इस बीच, अपने नागरिकों की मौत की जांच के लिए चीनी जांचकर्ता शुक्रवार को पाकिस्तान पहुंच गए। वहीं, चीन की सेना ने कहा है कि वह आतंकवाद से लड़ने में पाकिस्तान की मदद को तैयार हैं। पाकिस्तान में संचालित चीनी परियोजनाओं में काम करने वाले चीनी नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चीन ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उसने चीनी नागरिकों पर हमला करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई का पाकिस्तान पर दबाव बनाया है। दासू बांध और डायमर-भाषा जलविद्युत परियोजनाओं में काम करने वाले स्थानीय कर्मचारियों को अगले आदेश तक घर पर रहने को कहा गया है। हालांकि, खैबर-पख्तूनख्वा के ही मोहमंद बांध पर चीनी इंजीनियरों ने काम जारी रखा है।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के शांगला जिले के बिशम इलाके में दासू जलविद्युत परियोजना में काम करने वालों को लेकर जा रही बस में विस्फोटकों से भरे एक वाहन ने टक्कर मार दी थी। इसमें पांच चीनी नागरिकों समेत छह लोगों की मौत हो गई थी।

इधर, पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने कहा है कि चीनी नागरिकों की मौत की जांच के लिए चीनी जांचकर्ता पहुंच गए हैं। वहीं, चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वु क्यान ने कहा है कि क्षेत्र में स्थायित्व और शांति की कामना के साथ चीन आतंकवाद से लड़ने में पाकिस्तान की मदद कर सकता है।

## मॉस्को हमले में ताजिकिस्तान के नौ लोगों को हिरासत में लिया गया

**मॉस्को।** ताजिकिस्तान की सुरक्षा सेवा ने अपने देश में नौ लोगों को रूस की राजधानी मॉस्को के एक ह्यकॉन्सर्ट हॉलह्व में बंदूकधारियों द्वारा पिछले सप्ताह किए गए हमले के मामले में हिरासत में लिया है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी ह्यआरआईए नोवोस्तीह्व ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मॉस्को में हुए हमले में 144 लोगों की मौत हो गई थी।

समाचार एजेंसी ने ताजिकिस्तान की विशेष सुरक्षा सेवा के अपने सूत्रों के हवाले से कहा, ह्यह्य22 मार्च को क्रोकस सिटी हॉल में आतंकवादी हमला करने वाले व्यक्तियों से संपर्क में रहने के लिए वखदत जिले के नौ निवासियों को हिरासत में लिया गया है।ह्वह्व इसमें दावा किया गया कि संदिग्धों को हिरासत में लेने के अभियान में रूसी सुरक्षा बल भी शामिल थे।

आरआईए नोवोस्ती के अनुसार, हिरासत में लिए गए लोगों पर इस्लामिक स्टेट संगठन से जुड़े होने का भी संदेह है। रूस की जांच समिति ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उसने ह्यकॉन्सर्ट हॉलह्व के हमलावरों के लिए वित्तपोषण में शामिल होने के संदेह में एक और आरोपी को हिरासत में लिया है।

## जापान में स्वास्थ्यवर्धक सप्लीमेंट से पांच की मौत, सैंकड़ों प्रभावित

**टोक्यो।** जापान में स्वास्थ्यवर्धक सप्लीमेंट लेने से पांच लोगों की मौत होने के साथ ही सैकड़ों लोग प्रभावित हुए हैं। जानकारी के मुताबिक 114 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और सैकड़ों लोगों ने किडनी की समस्या की जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक कोबायासी फार्मास्युटिकल ने पिछले हफ्ते अपने प्रोडक्ट को बाजार से वापस लेने की घोषणा की थी। आरोप है कि कंपनी मामले में देरी की है। इस हेल्थ सप्लीमेंट को खाकर कुछ लोगों में किडनी संबंधी समस्याएं पैदा हो गई हैं। हालांकि, इसके पीछे के कारण का अबतक पता नहीं चल पाया है। कोबायाशी फार्मास्युटिकल वर्षों से बेनिकोजी उत्पाद बेच रही है। पिछले तीन वर्षों में दस लाख पैकेज बेचे गए हैं, लेकिन 2023 में उत्पादित प्रोडक्ट के साथ यह समस्या सामने आई है। कंपनी ने कहा कि उसने पिछले साल 18.5 टन बेनिकोजी का उत्पादन किया था।

कंपनी ने सप्लीमेंट सहित सभी उत्पादों को वापस लिया है जिनमें बेनिकोजी शामिल है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि और मौतें हो सकतीं हैं। सप्लीमेंट्स को डॉक्टर के प्रिस्तक्रिप्शन के बिना दवा दुकानों पर खरीदा जा सकता है। उन्हें आशंका है कि वापसी से पहले इसे कुछ अन्य लोगों और विदेशी पर्यटकों ने खरीदा हो। कंपनी के अध्यक्ष अधिकारी अकिहिरो कोबायाशी ने लोगों से माफी मांगी है। हालांकि अभी तक इससे प्रभावित होने वाले कुल संख्या का पता नहीं चल सका है।

## चीनी आधुनिकीकरण विश्व की आर्थिक बहाली में जान फूंकेगा : चाओ लची




**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रीय जन प्रतिनिधि सभा की स्थाई समिति के अध्यक्ष चाओ लची ने बोआओ एशिया फोरम के 2024 सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। उन्होंने "एक साथ चुनौतियों का सामना करना और एशिया तथा उससे परे एक बेहतर दुनिया का निर्माण करना" शीर्षक पर मुख्य भाषण दिया।

अपने भाषण के दौरान, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चीन उच्च गुणवत्ता वाले विकास के माध्यम से आधुनिकीकरण को बढ़ावा देता है। यह प्रयास वैश्विक आर्थिक सुधार में महत्वपूर्ण योगदान देगा और पड़ोसी देशों, विशेषकर एशिया में विकास के लिए अधिक अवसर प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह में राजनीतिक, औद्योगिक, व्यापारिक और शैक्षणिक क्षेत्रों के 1,500 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव, नाउरू के राष्ट्रपति डेविड रानीबोक एडियांग, श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धना, डोमिनिकन प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट, और फोरम काउंसिल के अध्यक्ष बान की-मून शामिल थे।

चाओ लची ने कहा कि दुनिया तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रही है और शांति तथा विकास को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। मानवता के भविष्य के प्रति चीन की प्रतिक्रिया मानवता के साझा भविष्य वाले समुदाय की स्थापना करना है। चीन नवीन, खुले, पर्यावरण के अनुकूल और समावेशी विकास रणनीतियों के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, चीन अपनी विकासात्मक प्रगति में भाग लेने के लिए सभी देशों का स्वागत करता है।